


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 298

ग्वालियर, बुधवार, 22 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### प्रियंका गांधी वाड्रा का हमला, मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर रही योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने योगी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार उनके बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर रही है। फोन टैपिंग मामले को लेकर पूछे सवाल पर प्रियंका ने कहा, फोन टैपिंग छोड़िए,सरकार मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट तक हैक करा रही है।प्रियंका ने सवाल उठाया कि सरकार के पास कोई काम नहीं है क्या? इसके साथ ही प्रियंका ने महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को लेकर भी बीजेपी पर हमला बोला। प्रियंका ने कहा, %मैंने उत्तर प्रदेश की महिलाओं से कहा था कि अपनी शक्ति को पहचानो। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी समझ गए हैं कि महिला खड़ी हो रही है।% उन्होंने सवाल उठाकर कहा कि इस तरह की घोषणाएं 5 सालों से क्यों नहीं कीं? उन्होंने कहा कि आज चुनाव आया है,तब ऐसी घोषणाएं क्यों हो रही हैं?प्रियंका ने कहा कि मैं आज बहुत खुश हूं कि पीएम मोदी को देश की महिलाओं के आगे झुकना पड़ा।

### 8 साल की बच्ची से रेप पर कोर्ट ने दी उम्र कैद की सजा

**बिजनौर।** यूपी के बिजनौर जिले में एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार करने का मामला सामने आया है। स्योहारा थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। जिला न्यायालय, बिजनौर विशेष लोक अभियोजन अधिकारी भालेंद्र सिंह राठौड़ के अनुसार, बच्ची की मां ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया और बताया कि, 29 मई 2019 को उसकी बेटी घर पर थी। बेटी की सहेली आई और उसे अपने साथ घर ले गई जहां सहेली के भाई ने उसके साथ गंदा काम किया। बेटी घर रोते हुए आई और अपनी मां को सबकुछ बताया। कोर्ट में बयान जारी करते हुए पीड़िता बच्ची ने आरोपी अतीक के खिलाफ बयान जारी कर बताया कि, उसके साथ बलात्कार किया गया। वहीं पॉक्सो एक्ट की विशेष सत्र न्यायाधीश पारुल जैन ने आरोपी को दोषी करार करते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई और साथ ही 20 हजार का जुर्माना भी लगाया। पीड़िता के मानसिक पीड़ा और अपमान सहने के लिए जुर्माने की राशि देने के भी निर्देश दिए हैं।

### वाहन कलपुर्जा उद्योग संगठन नए साल को लेकर पूरी तरह से आशावादी

**नई दिल्ली।** देश का वाहन कलपुर्जा उद्योग के संगठन एसीएमए ने कहा कि कोरोना की एक और लहर की आशंकाओं के बावजूद उद्योग चालू वित्त वर्ष में वृद्धि के लिए 'सतर्क रूप से आशावादी है। वाहन कलपुर्जा उद्योग का कारोबार अप्रैल-सितंबर 2021 में 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की पहली छमाही के मुकाबले 65 प्रतिशत ज्यादा है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के अध्यक्ष ने कहा, वाहनों की मांग में वृद्धि के बावजूद सेमीकंडक्टर की उपलब्धता संबंधी मुद्दों, बढ़ती लागत, बढ़ती लॉजिस्टिक लागत और कंटेनरों की उपलब्धता जैसे आपूर्ति पक्ष के मुद्दों के चलते मोटर वाहन क्षेत्र में बाधा बनी हुई है।''उन्होंने कहा कि इन मुद्दों के मद्देनजर ऑटो कलपुर्जा उद्योग ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। एसीएमए की अगुवाई में हुए हालिया सर्वेक्षण के अनुसार ओमीक्रोन की चिंताओं के बावजूद उद्योग 2021-22 के लिए सतर्क रूप से आशावादी है। उन्होंने कहा कि वाहन कलपुर्जा उद्योग में निवेश चक्र भी शुरू हो गया है और अब हालात बेहतर हैं।

### चचेरे भाई की हत्या के आरोपी भाइयों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में हुई चचेरे भाई की हत्या और सगी बहन की हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों सुनील तथा गोरे उर्फ़ अनिल को गिरफ्तार कर मंगलवार को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक फतेहपुर निवासी राजू (23) का उसकी नाबालिग चचेरी बहन के बीच प्रेम प्रसंग था और वे ग्रेटर नोएडा चले आए थे। इससे नाराज लड़की के भाई सुनील और गोरे ने दोनों पर हमला किया। इस घटना में राजू की मौत हो गई थी जबकि लड़की की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अमित कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि आरोपी सुनील और अनिल सूरजपुर की कंपनी में काम करते हैं और जब किशोरी अपने चचेरे भाई के साथ फतेहपुर से ग्रेटर नोएडा के लिए निकली तो, आरोपियों के पिता ने उन्हें इसकी सूचना दे दी। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी किशोरी व राजू से परी चौक पर मिले तथा उन्हें एकांत में ले जाकर कातिलाना हमला किया। सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर खून से सने ईट, डंडा आदि बरामद कर लिया है।

# पांच साल पहले यूपी में था गुंडों का राज, सीएम योगी ने सबको सही जगह पहुंचा दिया: मोदी



**नई दिल्ली।** संगमनगरी प्रयागराज पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी की लाखों महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। मोदी ने मंगलवार को स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते में 1,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। इससे स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 16 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिलेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 1.01 लाख लाभार्थियों के खातों में 20 करोड़ रुपये से अधिक राशि भी ट्रांसफर की जाएगी। इसि दौरान पीएम मोदी ने परेड ग्राउंड में ढ़ाई लाख से अधिक महिलाओं को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा पिछले वर्ष फरवरी में कुंभ में प्रयागराज की पवित्र भूमि पर आया था, तब संगम में डुबकी लगाकर अलौकिक आनंद का अनुभव प्राप्त किया। तीर्थ राज प्रयाग की ऐसी पावन भूमि को मैं प्रणाम करता हूं। प्रयागराज हजारों सालों से हमारी मातृशक्ति की प्रतीक मां गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम की धरती रही है। आज यह तीर्थ नगरी नारी-शक्ति के अद्भुत संगम की साक्षी बनी है। पीएम मोदी ने कहा उत्तर प्रदेश में विकास के लिए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो काम हुए हैं, वे पूरा देश देख रहा है। अभी मुझे यहां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की एक लाख से ज्यादा लाभार्थी बेटियों के खातों में करोड़ो रूपये ट्रांसफर करने का सौभाग्य मिला। यूपी सरकार ने बैंक सखियों के ऊपर 75 हजार करोड़ रुपए के लेनदेन की जिम्मेदारी सौंपी हैं। 75 हजार करोड़ रुपए का कारोबार गांवों में रहने वाली मेरी बहनें-बेटियां कर रही हैं। मोदी ने कहा उत्तर प्रदेश की महिलाओं ने, माताओं-बहनों-बेटियों ने ठान लिया है कि अब वे पहले की सरकारों वाला दौर, वापस नहीं आने देंगी। डबल इंजन की सरकार ने यूपी की महिलाओं को जो सुरक्षा दी है, जो सम्मान दिया है, उनकी गरिमा बढ़ाई है, यह अभूतपूर्व है। बेटियां कोख में ही नहीं मारी जाएं, वे जन्म लें, इसके लिए हमने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से समाज की चेतना को जगाने का प्रयास किया है। आज देश के अनेक राज्यों में बेटियों की संख्या में वृद्धि हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि प्रसव के बाद भी बिना चिंता के अपने बच्चे की शुरुआती देखरेख करते हुए मां अपना काम जारी रख सके, इसके लिए महिलाओं की छुट्टी को 6 महीने किया गया है। पीएम मोदी ने कहा आज हमारी सरकार की योजनाएं, इस असमानता को भी दूर कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो घर दिये जा रहे हैं, वे प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं के ही नाम से बन रहे हैं।

### प्रयागराज में पीएम मोदी ने खेला महिला कार्ड

**नई दिल्ली।** योगी सरकार की ओर से शुरू की गई कई महिला योजनाओं की शुरुआत करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। समाजवादी पार्टी या फिर अखिलेश यादव का नाम लिए बिना पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 5 साल पहले यूपी की सड़कों पर माफिया राज था। सत्ता में गुंडों की हनक हुआ करती थी। इसकी सबसे ज्यादा पीड़ा महिलाओं को झेलनी पड़ती थी। उनके लिए सड़क पर निकलना मुश्किल था। महिलाएं थाने जाती थीं तो अपराधियों और बलात्कारियों को छुड़ाने के लिए किसी का फोन आ जाता था। आज योगी जी ने इन गुंडों को सही जगह पहुंचाया है। आज यूपी में सुरक्षा भी है और अधिकार भी हैं। इस नई यूपी को अब कोई वापस अंधेरे में नहीं ढकेल सकता। पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में कहा कि देश देख रहा है कि यूपी में काम हो रहा है। उत्तर प्रदेश के विकास की धारा अब किसी के रोकने से रुकने वाली नहीं है। राज्य की माताओं-बहनों ने ठान लिया है कि अब वे पुराना दौर वापस नहीं आने देंगी। हमारे प्रयासों के चलते देश के कई राज्यों में बेटियों की जन्मदर में वृद्धि हुई है। महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। बेटियों को स्कूल न छोड़ना पड़े, इसके लिए हमने बहुत से काम किए हैं। बेटियों के लिए स्कूलों में अलग से शौचालय बनवाने से लेकर सैनिटरी पैड्स बंटवाने तक का काम किया गया है।

## पीएम मोदी ने पिछले 5 वर्षों में क्यों नहीं की घोषणाएं : प्रियंका गांधी

**लखनऊ।** यूपी में 2022 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस महासचिव और पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा की सक्रियता बढ़ गई है उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर



निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री ने 5 सालों में घोषणाएं क्यों नहीं की? खबरों के मुताबिक कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाओं से मैंने कहा था कि आप अपनी शक्ति पहचानों, आज आपकी शक्ति के सामने इस देश के प्रधानमंत्री झुक रहे हैं। उन्होंने ये घोषणाएं 5 सालों में क्यों नहीं की? चुनाव से पहले क्यों कर रहे हैं? महिलाएं हमारे (लड़की हूं, लड़ सकती हूं) नारे से जाग गई हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कई घोषणाएं की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि बेटियां कोख में ही ना मारी जाएं, वो जन्म लें, इसके लिए हमने %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ% अभियान के माध्यम से समाज की चेतना को जगाने का प्रयास किया। आज परिणाम ये है कि देश के अनेक राज्यों में बेटियों की संख्या में बहुत वृद्धि हुई है। इसके अलावा प्रसव के बाद भी बिना चिंता के अपने बच्चे की शुरुआती देखरेख करते हुए मां अपना काम जारी रख सके।

## अखिलेश यादव बोले- सपा की सरकार बनने पर तीन महीने के भीतर कराएंगे जाति आधारित जनगणना

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर तीन महीने के अंदर जाति



आधारित जनगणना कराकर आबादी के हिसाब से सभी को हक और सम्मान दिया जाएगा। अखिलेश ने सीबीआई, आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय को भाजपा के प्रकोष्ठ करार दिया और यह भी दावा किया कि सपा को मिल रहे जनसमर्थन से घबराई भाजपा ने उसके मुकाबले अपने छह रथ मैदान में उतार दिए हैं, लेकिन वे सपा के रथ को टक्कर नहीं दे पा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने यहां समाजवादी विजय रथ यात्रा के दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम और आप पर आरोप लगता है कि हम किसी का हक छीन रहे हैं, लेकिन जातीय जनगणना से सब कुछ साफ हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर तीन महीने के अंदर जातीय जनगणना की जाएगी और आबादी के हिसाब से सभी को हक और सम्मान दिया जाएगा।

## वैक्सीन की बूस्टर खुराक लेने के बाद हुए ओमिक्रॉन संक्रमित तीन केस मिले

**नई दिल्ली।** ओमिक्रॉन से बचाव के लिए वैक्सीन की बूस्टर यानी अतिरिक्त खुराक को अहम विकल्प माना जा रहा है लेकिन दिल्ली में ऐसे भी मामले अब सामने लगे हैं जिन्हें तीसरी खुराक लेने के बाद भी कोरोना संक्रमण हुआ है। ऐसे मरीजों के सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग में ओमिक्रॉन संक्रमण की पुष्टि भी हुई है। यह तीनों मरीज इनदिनों लोकनायक अस्पताल में भर्ती हैं। पिछले सप्ताह शुक्रवार को एकसाथ मिले 12 मरीजों में यह भी शामिल थे। पिछले सप्ताह इन तीनों मरीजों में ओमिक्रॉन संक्रमण की पहचान हुई है। फिलहाल यह सभी ओमिक्रॉन वार्ड में भर्ती हैं लेकिन इनमें से किसी में भी संक्रमण के लक्षण नहीं है।' यह जानकारी देते हुए अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया, 'देश में अभी तक बूस्टर खुराक की स्वीकृति नहीं मिली है। यह लोग हाल ही में विदेश यात्रा पर गए थे और वहां इन्होंने वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक ली थी। दिल्ली आने के बाद एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग में जब कोरोना संक्रमण की पहचान हुई तो इन्हें यहां भर्ती कराया गया।' हालांकि इन्होंने किस वैक्सीन की बूस्टर यानी अतिरिक्त खुराक ली थी इसके बारे में जानकारी अब तक सामने नहीं आ पाई है।

# पीएम आवास योजना में आदिवासियों के साथ धोखा: सीमेंट-कांक्रीट की जगह घास-फूस के मकान बना दिए

### जांच में अधिकारी तो बच गए, सचिव और रोजगार सहायक पर गाज गिरी


**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भोले-भाले आदिवासियों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर धोखा हुआ है। योजना के तहत आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में खप्पर व घास-फूस के मकान बनाए जाने का मामला सामने आया है। जांच के बाद संबंधित अधिकारियों को तो बचा लिया, ग्राम सचिव और रोजगार सहायक पर गाज गिरी है। जांच में लीपापोती हुई है और सिर्फ एक मकान में गड़बड़ी पाई है। हकीकत तो यह है कि सिर्फ एक-दो मकान ही मानकों के अनुरूप बने हैं। डिंडौरी जिले के बैगा आदिवासी बाहुल्य गौरा कन्हारी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम




पर कच्चे व झोपड़ीनुमा मकान बना दिए थे। इन मकानों में छत के नाम पर बल्लियों के सहारे खप्पर या घास-फूस बिछाई गई है। मकानों में सीमेंट-कांक्रीट की जगह पर मिट्टी का उपयोग किया गया है। हितग्राहियों ने आरोप लगाया कि पीएम आवास योजना के नाम पर सरपंच, पंचायत सचिव, वन विभाग के कर्मचारी व रोजगार सहायक ने अधिकारियों के नाम पर मोटी रकम बतौर रिश्वत के रूप में ली थी। अधिकारियों को खुश करने के लिए हितग्राही के घर में पले मुर्गी भी ले गए थे। छोटेलाल बैगा ने बताया कि योजना का लाभ दिलाने के नाम पर सरपंच को 5 हजार, ग्राम सचिव ने 5 हजार, रोजगार सहायक ने 3 हजार, फॉरेस्ट विभाग के कर्मचारी ने 1 हजार एवं पंचायत के एक कर्मचारी को 1 हजार रुपये की रिश्वत देनी पड़ी थी।

### रोजगार सहायक और ग्राम सचिव पर कार्रवाई

जांच के नाम पर लीपापोती हुई और ग्राम सचिव गेंदसिंह परस्ते पर कार्रवाई की गई। रोजगार सहायक को भी निलंबित किया गया है। संबंधित जिम्मेदारी अधिकारी सिर्फ आंख मूंदकर भ्रष्टाचार देखते रहे। वह दोषी नहीं पाए गए। हालांकि, डिंडौरी के कलेक्टर रत्नाकर झा ने बताया कि मामला सामने आते ही जांच कमेटी बनाई गई थी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### ऋषभ बने उत्तराखंड राज्य के एंबेसडर

**देहरादून** । उत्तराखंड सरकार ने क्रिकेटर ऋषभ पंत को राज्य का एंबेसडर बनाया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं यह जानकारी ऋषभ को दी। ऋषभ ने भी इसके लिए सरकार का धन्यवाद किया है। ऋषभ अभी भारतीय टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हैं। ऋषभ का जन्म हरिद्वार में हुआ था। उन्होंने बाद में घरेलू क्रिकेट में दिल्ली का प्रतिनिधित्व भी किया। ऋषभ से मुख्यमंत्री धामी ने वीडियो कॉल पर बात की और उनका हाल-चाल भी जाना। मुख्यमंत्री ने यह भी पूछा कि वह उत्तराखंड कब आएंगे। धामी ने इस बातचीत की एक वीडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर साझा की है। मुख्यमंत्री ने लिखा, 'भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक, युवाओं के आदर्श और उत्तराखंड के बेटे ऋषभ को सरकार ने राज्य का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। हमारे इस फैसले का उद्देश्य राज्य के युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।' 4 अक्टूबर 1997 को जन्मे ऋषभ ने अभी तक भारत की ओर से 25 टेस्ट, 18 वनडे और 41 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस बल्लेबाज ने अपनेकरियर में टेस्ट में 1549, वनडे में 529 और टी20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में कुल 623 रन बनाए हैं।

### श्रीलंकाई बोर्ड ने यो-यो टेस्ट अनिवार्य किया

**नई दिल्ली** । क्रिकेट में अब खिलाड़ियों की फिटनेस अहम हो गयी है। इसी को देखते हुए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के यो-यो टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने सभी क्रिकेटर्स के लिए नए साल से फिटनेस के नए पैमाने तय किये हैं। इसके तहत अगर खिलाड़ी फिट नहीं पाए जाते हैं, तो उनका वेतन भी काटा जा सकता है। अगर कोई खिलाड़ी 8.35 मिनट से 8.55 मिनट में 2 किमी. दौड़ता है, तो अनुबंध के अनुसार उसके तय वेतन में कटौती हो सकती है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के यो-यो टेस्ट में 2 किमी. की रेस को पैमाना बनाया गया है। इसमें अगर कोई 8.55 मिनट से अधिक समय लेता है, तो उसका टीम में चयन नहीं होगा। 8.35 से 8.55 मिनट पर वेतन काटा जाएगा। अगर कोई खिलाड़ी 2 किमी. के लिए 8.10 मिनट से कम समय लेता है, तभी उसका चयन हो सकेगा। यही टीम में चयन होने का नया पैमाना होगा। पहला फिटनेस टेस्ट 7 जनवरी को होगा, जिसमें अनुबंध में शामिल सभी खिलाड़ियों को भाग लेना होगा। इसके अलावा महीने में कभी भी अचानक जांच होगी। इससे पहले श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने महेला जयवर्धने को टीम का सलाहकार बनाया था जो अब अपने देश की टीम में बदलाव लाने में लगे हैं।

### अपने पुराने क्लब में हिस्सेदारी खरीदेंगे ब्राजील के रोनाल्डो

**रियो डी जेनेरियो** । ब्राजील के दिग्गज स्टार फुटबॉलर रहे रोनाल्डो ने कहा कि वह अपने पुराने क्लब क्रुजेरियो में हिस्सेदारी खरीद रहे हैं। 45 साल के इस पूर्व स्ट्राइकर और क्लब के अध्यक्ष सर्जियो सैंटोस रोड्रिग्स के बीच हिस्सेदारी को लेकर सोशल मीडिया के जरिये एक समझौता भी हुआ था। गौरतलब है कि रोनाल्डो ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत बेलो होरिजोंटे स्थित क्लब क्रुजेइरो में की थी। उन्होंने साल 1993 और 1994 में इस टीम का प्रतिनिधित्व किया था। रोनाल्डो ने सर्जियो के साथ जारी वीडियो में कहा, 'मैं खुश हूं। क्रुजेइरो जिस जगह का अधिकारी है, उस जगह पर ले जाने के लिए हमें काफी मेहनत करनी होगी। इस हिस्सेदारी लिए रोनाल्डो कितनी राशि दे रहे हैं यह जानकारी अभी नहीं मिली है।

टीम इंडिया की मुश्किलः बॉल तेज आती है, स्विंग और बाउंस भी होती है

# अफ्रीका की पिचें ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड से ज्यादा खतरनाक

टीम इंडिया टेस्ट और वनडे सीरीज खेलने के लिए साउथ अफ्रीका पहुंच चुकी है। 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 26 दिसंबर से शुरू होगा। ये सीरीज भारतीय टीम के लिए काफी अहम होने वाली है। साउथ अफ्रीका एकमात्र ऐसी टीम है जिसकी सरजमीं पर टीम इंडिया आज तक पिछले 29 सालों में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है। साउथ अफ्रीका की पिच स्विंग, गति और उछाल के लिए जानी जाती है। यहां टीम इंडिया के बल्लेबाज बहुत संघर्ष करते हैं। साउथ अफ्रीका की पिचें हमेशा से ही इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की तरह रही हैं। इंग्लैंड में बॉल स्विंग और सीम करती है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई मैदानों पर अतिरिक्त बाउंस देखने को मिलता है। अफ्रीकी मैदानों पर गेंद स्विंग और सीम भी करती है और बाउंस भी अच्छा होता है।

### टॉप-20 में एक भारतीय बैटर नहीं

साउथ अफ्रीका में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में टॉप-20 में केवल एक गैर अफ्रीकी खिलाड़ी का नाम आता है। इंग्लैंड के वॉली हैमंड ने 15 मैचों में 1447 रन बनाए हैं। वहीं, टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एकमात्र ऐसे भारतीय बैटर हैं जिन्होंने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर 1 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। तेंदुलकर ने साउथ अफ्रीका में 15 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 1161 रन निकले हैं। सचिन का नाम अफ्रीकी परिस्थितियों लीडिंग रन स्कोरर में 27वें नंबर पर आता है। हालांकि, मौजूदा भारतीय टीम में कैप्टन विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे का अफ्रीकी मैदानों पर गजब का रिकॉर्ड रहा है। इस बार टीम इंडिया को हल्के में लेने में मेजबान टीम का भारी पड़ सकता है।



⸝र और श्वहृत में मिली सफलता : एक समय हुआ करता था, जब टीम इंडिया को घर का शेर कहा जाता था, लेकिन बीते कुछ सालों में टीम इंडिया ने ये दिखा दिया है कि वो घर से बाहर जाकर भी शानदार खेल दिखा सकते हैं। भारतीय टीम ने पिछले दो ऑस्ट्रेलियाई दौरों पर सीरीज जीतकर इतिहास रचा है। श्वहृत में भी इस साल टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी को खासा प्रभावित किया। टीम इंडिया अब सीम और उछाल वाली पिचों पर खेलने की आदी हो गई है और इसका फायदा साउथ अफ्रीका में भी देखने को मिल सकता है। टीम के गेंदबाज अफ्रीकी कंडीशन्स का बढ़िया फायदा उठा सकते हैं। 2020-21 के ⸝र दौरे पर भारतीय तेज गेंदबाजों ने कुल 42 विकेट हासिल किए थे। श्वहृत दौरे पर भी 61 विकेट निकाले थे।

### लेग स्पिनर्स का रहा दबदबा

सा. अफ्रीका में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में टॉप-5 विदेशी गेंदबाजों में 3 स्पिनर्स के नाम आते हैं। खास बात तो ये हैं कि ये तीनों ही नाम लेग स्पिनर्स के आते हैं। ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न ने जहां 61 विकेट हासिल किए, तो टीम इंडिया के अनिल कुंबले 45 और ऑस्ट्रेलिया के ही विक्टर ग्रिमेट ने 44 विकेट अपनी झोली में डाले। भारतीय टीम की ओर से इस दौरे पर रविचंद्रन अश्विन मुख्य स्पिनर के तौर पर गए हैं। दूसरे स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम के पास जयंत यादव मौजूद हैं और ये दोनों ही ऑफ स्पिनर्स हैं। अफ्रीकी मैदानों पर लेग स्पिनर्स के दमदार प्रदर्शन को देखते हुए टीम इंडिया को सीरीज में एक लेगी की कमी खल सकती है।

## द्रविड ने बढ़ाया अय्यर सहित सभी खिलाड़ियों का हौंसला

**सेंचुरियन** । भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरु हो रहे क्रिकेट टेस्ट से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) ने एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि किस प्रकार मुख्य कोच राहुल द्रविड़ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हैं। इस वीडियो में दिख रहा है कि बल्लेबाज श्रेयस अय्यर जैसे ही सेंचुरियन के सुपर स्पोर्ट पार्क स्टेडियम में अभ्यास के लिए पहुंचे तो पिच पर बहुत ज्यादा घास देखकर हैरान हो गये थे। उन्होंने पिच को देखते से ही कहा, इस पर काफी घास है और उछाल भी ज्यादा है। इसके बाद द्रविड़ ने खिलाड़ियों को केवल इतना भर कहा कि आप पूरे जोश के साथ अभ्यास करें , बाकी बातों पर ध्यान न दें।

बीसीसीआई ने इससे जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें अय्यर कह रहे हैं कि विकेट पर काफी ज्यादा घास है और इस पर बल्लेबाजी करना किसी भी बल्लेबाज के लिए कठिन होगा। इसी वीडियो में अय्यर तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के पास गए और उनसे पूछा आपको विकेट देखकर क्या लगता है ? इस पर इशांत ने कहा, विकेट में काफी नमी है। इस पर काफी मूवमेंट होगा। यहां बल्लेबाजी आसान नहीं रहेगी।

यह सही है कि दोनों टीमों के बल्लेबाजों को सेंचुरियन में तेज उछाल वाली गेंदों का सामना करना पड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका के पास जहां कगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्खिया जैसे गेंदबाज हैं वहीं भारतीय टीम के पास जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज हैं। इस वीडियो में भारतीय गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे भी नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिच को लेकर कहा, गेंदबाजों के लिए भी यहां हालात मुश्किल होंगे। उन्हें अपनी लेंथ को पिच के मिजाज के हिसाब से लगातार बदलना होगा। वहीं बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि हमने सेंटर विकेट पर प्रैक्टिस की. बादल लगे होने और मौसम ठंडा होने के कारण बल्लेबाजों के लिए इस तरह के विकेट पर टिकना काफी मुश्किल होगा।



### तैराकी प्रशिक्षक सम्मानित

इन्दौर । अभय प्रशाल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा तैराकी के प्रशिक्षक जगदीश दिखीत को 17वीं नेशनल मास्टर्स चैम्पियनशिप 2021 में 50 व 100 मीटर स्पर्धा में रजत तथा 200 मीटर में कास्य पदक प्राप्त करने पर सम्मानीत किया गया। क्लब में आयोजित सम्मान समारोह अभय प्रशाल के ट्रस्टी ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं नीलेश वेद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस अवसर पर विज्ञ पाटनी, डॉ. अमित पोरवाल, संतोष दीक्षित, मुकेश जैन, अनिल धारीवाल, शैलेश वेद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रजनीकांत गांधी ने तथा आभार प्रदर्शन दिनेश कमानी ने किया।

## पिता की एक सीख से बदला करियर : एजाज



**नई दिल्ली** । भारत दौरे में मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में दस विकेट लेकर सबका ध्यान खींचने वाले न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने कहा है कि परिवार के साथ के कारण ही वह आज यहां तक पहुंचे हैं। एजाज ने कहा कि अपने करियर में एक बार अंडर-19 टीम में जगह नहीं मिलने पर वह बेहद निराश हो गये थे तब पिता की एक बात से उनका काम आसान हो गया था। इस स्पिनर ने कहा कि ऐज ग्रुप क्रिकेट में अच्छा करने के बावजूद मुझे न्यूजीलैंड की अंडर-19 टीम में जगह नहीं मिली थी। इसे लेकर मैं मायूस था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी होने के नाते आप मानते हैं कि आप तभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन सकते हैं, जब आप अंडर-19 टीम का हिस्सा हों। तब मुझे लगा था कि मैंने काफी अच्छी गेंदबाजी की थी पर फिर भी मेरा चयन नहीं हुआ। यहां तक कि मेरा नाम रिजर्व खिलाड़ियों में भी नहीं था। इसे लेकर मैं अपने पिता से फोन पर ही बात कर रोने लगा। तब उन्होंने मुझसे एक बात कही थी। जो आज भी मुझे याद है। तब उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हारे ना चुने जाने का जरूर कोई ठोस कारण होगा और तुम्हें उसे खोजना चाहिए। पिता की इस बात से मेरे सोचने का नजरिया बदल गया और मैं तेज गेंदबाज से स्पिनर बन गया। एजाज का कहना है कि अब वह बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज पर ध्यान दे रहे हैं।

## व्यापारन्यूज

### शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1000 अंक उछला, निवेशकों को 5 लाख करोड़ का फायदा



**मुंबई।** सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन बढ़त के साथ हरे निशान पर खुला। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स 1000 अंकों की तेजी के साथ 56,819 पर पहुंच गया है। इस बढ़त के कारण निवेशकों की संपत्ति 5 लाख करो? रुपये ब?ी है। टाटा स्टील का शेयर आज 5 फीसदी तक बढ़ा है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 498 अंक की बढ़त के साथ खुला, जबकि एनएसई के निफ्टी ने 158 अंकों की तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत की। कारोबार की शुरुआत होते ही सेंसेक्स 520.78 अंक या 0.93 फीसदी की तेजी के साथ 56,342.79 के स्तर पर पहुंच गया और निफ्टी सूचकांक भी 153.90 अंक या 0.93 फीसदी की उछाल के साथ 16, 768.10 के स्तर पर जा पहुंचा। तेजी का सिलसिला दिन बढ़ने के साथ जारी है।






शेयरधारकों ने एक आम बैठक में आईपीओ प्रस्ताव को दी मंजूरी

# फैब इंडिया आईपीओ से जुटाएगी 4 हजार करोड़ रुपए

**नई दिल्ली** । पारंपरिक ड्रेस, होम डेकोर और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स से जुड़ी कंपनी फैब इंडिया भी शेयर मार्केट में दस्तक देने जा रही है। फैब इंडिया जल्दी ही अपना इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) लॉन्च करेगी। कंपनी का इस आपीओ के जरिये करीब 4000 करोड़ रुपये जुटाने का प्लान है। जानकारी के मुताबिक एथनिक वियर रिटेलर फैबइंडिया दिसंबर के अंत अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए मसौदा दस्तावेज दाखिल करेगा। कंपनी के शेयरधारकों ने शनिवार को एक आम बैठक में आईपीओ के प्रस्ताव को मंजूरी दी। फैबइंडिया ने अपने स्टोर नेटवर्क का विस्तार करने और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को बढ़ाने के लिए नई पूंजी में 250 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। बताया जा रहा है कि 60 साल पुरानी कंपनी के कई निवेशक अपना हिस्सा भी बेचेंगे, जिससे आईपीओ का कुल आकार 3,800-4,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। इसके मौजूदा शेयरहोल्डर जैसे अजीम प्रेमजी का निजी इक्विटी फंड प्रेमजी इन्वेस्ट अपनी आंशिक हिस्सेदारी बेच सकते हैं।

चर्चा है कि कंपनी अपने आईपीओ के मैनेजमेंट के लिए एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और जेपी मॉर्गन सहित कई इन्वेस्टमेंट बैंकर्स से बातचीत कर रही है। फैबइंडिया इस महीने के अंत तक आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर, मार्केट रेगुलेटरी सेबी के पास जमा करा सकती है। कंपनी के ग्राहकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और कंपनी अपने विस्तार के लिए तैयार है। फैबइंडिया के कुल कारोबार में ई-कॉमर्स बिक्री का 10-15 परसेंट योगदान देता है। कंपनी इसमें और विस्तार की तैयारी कर रही है। फैबइंडिया के मौजूदा निवेशकों में किसानों और कारीगर के अलावा पीआई अपॉर्चुनिटीज फंड, बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड, एक्सिस न्यू अपॉर्चुनिटीज, इंडिया 2020 फंड दवितीय लिमिटेड, कोटक इंडिया एडवांटेज फंड, अजीम प्रेमजी का निजी इक्विटी फंड प्रेमजीइन्वेस्ट, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी और उनकी पत्नी रोहिणी नीलेकणी, एक्सेंचर की प्रमुख रेखा मेनन और इंफो एज के संस्थापक संजीव बिखचंदानी कंपनियों के रजिस्ट्रार के साथ फाइलिंग दिखाते हैं। कंपनी में प्रमोटरों की 49 फीसदी हिस्सेदारी है। फैबइंडिया एथनिक वियर यानी परंपरागत कपड़ों के लिए जाना जाता है। कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में नई उत्पाद श्रेणियों जैसे घर और जीवन शैली, पर्सनल केयर और जैविक भोजन जैसे फील्ड में भी प्रवेश किया है। देश में सबसे बड़ा परिधान रिटेल आईपीओ होने के अलावा फैबइंडिया सार्वजनिक होने वाली कुछ कंपनियों में से एक होगी, जिसका ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) पर एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। फैबइंडिया की अपनी कोई फैक्ट्री नहीं है। इसका व्यवसाय मॉडल डिजाइन पर केंद्रित है। फैबइंडिया 50,000 से अधिक कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों और 2,200 से अधिक किसानों और लगभग 10,400 सहयोगियों के साथ साझेदारी काम कर रही है। कई कारीगर और किसान परिवार फैबइंडिया के साथ पीढ़ियों से काम कर रहे हैं।

## बढ़ती मुद्रास्फीति के बीच सेबी ने गेहूं, पाम तेल समेत अन्य जिंसों के नए डेरिवेटिव अनुबंध रोके

**नई दिल्ली** । बढ़ती मुद्रास्फीति के मद्देनजर बाजार नियामक सेबी ने अगले आदेश तक गेहूं, कच्चे पाम तेल, मूंग और कुछ अन्य जिंसों में नए डेरिवेटिव अनुबंध पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक नए डेरिवेटिव पर पाबंदी लगाने वाला यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। सेबी के ये निर्देश एक साल के लिए लागू होंगे। जहां तक पहले से चल रहे अनुबंधों का सवाल है तो उनमें कोई भी नया सौदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और केवल सौदे को पूरा करने की ही इजाजत होगी। धान (गैर-बासमती), गेहूं, सोयाबीन, कच्चे पाम तेल और मूंग के लिए नए अनुबंधों की शुरूआत पर नियामक ने अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इस सूची में चना, और सरसों के बीज और इसके डेरिवेटिव भी शामिल हैं। इन जिंसों में डेरिवेटिव अनुबंधों को साल की शुरुआत में निलंबित कर दिया गया था। सात कृषि जिंसों पर डेरिवेटिव को एक साल के लिए प्रतिबंधित करने के इस कदम को एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने खाद्य उत्पादों से बढ़ते मुद्रास्फीति दबाव का नतीजा बताया है। वहीं नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीडीईएक्स) ने कहा कि इस सूची में शामिल जिंसों में अगले आदेश तक कोई भी नया सौदा नहीं किया जा सकेगा। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा कि सरकार घरेलू बाजार में खाने के तेल की ऊंची कीमतों के कारण यह कदम उठाने को मजबूर हुई है।

### एके ओके के साथ संयुक्त उद्यम लगाएगी ईशा अंबानी की रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड

**नई दिल्ली** । रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल) और भारतीय फैशन डिजाइनर अनामिका खन्ना फैशन ब्रांड एके- ओके का स्वामित्व लेने और उसे विकसित करने के लिए 60:40 के अनुपात में संयुक्त उद्यम बनाने के लिए सहमत हुए हैं। कंपनी के अपने एक बयान में यह जानकारी दी है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड समूह में सभी खुदरा कंपनियों की होल्डिंग कंपनी) की निदेशक ईशा अंबानी ने कहा अनामिका खन्ना के साथ साझेदारी भारत और विश्व स्तर पर घरेलू प्रतिभा की बढ़ती लोकप्रियता और अपील को लेकर हमारी स्वीकृति को अभिव्यक्त करती है। उन्होंने कहा हम अनामिका के एके-ओके ब्रांड यात्रा के शुरुआती दिनों से साझेदारी करने और भारतीय और वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए एक अद्वितीय डिजाइन पेश करने के लिए उत्साहित हैं।

## यूपीआई पेमेंट में रहें अलर्ट, लापरवाही से खाली हो सकता है खाता

**नई दिल्ली** । भारत में ऑनलाइन या डिजिटल लेनदेन में कई गुना वृद्धि हुई है और यह वृद्धि लगातार जारी है। ऑनलाइन पेमेंट इतना आसान हो गया है कि अब तो लोग चाय की दुकान पर 5 रुपये का भी पेमेंट ऑनलाइन करते हैं। ऑनलाइन पेमेंट की दुनिया जितनी आसान है उतना ही इसमें अलर्ट रहने की जरूरत है। क्योंकि जरा सी लापरवाही आपका बैंक खाता खाली कर सकती है। इस समय आपका मोबाइल फोन ही आपका वॉलेट है और बैंक अकाउंट है। इसलिए अगर लेनदेन के दौरान मामूली सी लापरवाही भी होती है तो आप साइबर फ्रॉड का बड़ी आसानी से टारगेट बन जाते हैं। इसलिए मोबाइल एप के इस्तेमाल के समय अलर्ट रहना और सुरक्षा संबंधी तरीकों का पालन करना जरूरी हो जाता है। साइबर धोखेबाजी से बचने के लिए कभी भी किसी के साथ अपना यूपीआई एड्रेस शेयर ना करें। आपका यूपीआई एड्रेस आपके फोन नंबर, क्यूआर कोड या वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) के बीच कुछ भी हो सकता है। आपको किसी भी भुगतान या बैंक एप्लिकेशन के माध्यम से किसी को भी अपने यूपीआई अकाउंट तक पहुंचने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। कई बार लोगों के पास फोन कॉल आती हैं कि वे बैंक या पेमेंट ऐप कंपनी से बोल रहे हैं और वे आपसे आपके डिजिटल ट्रांजैक्शन से जुड़ी जानकारी मांगते हैं। ऐसा बिल्कुल भी ना करें, क्योंकि ये कॉल फ्रॉड होती हैं। लोग यह गलती अक्सर करते हैं कि वे पेमेंट के लिए जिस ऐप का इस्तेमाल करते हैं उसे अपडेट नहीं रखते। जरूरी है कि मोबाइल ऐप को अपडेट करते रहें। यूपीआई पेमेंट ऐप समेत प्रत्येक ऐप को लेटेस्ट वर्जन में अपग्रेड किया जाना चाहिए क्योंकि ऐप के अपडेट से आपका ऐप ज्यादा सुरक्षित रहता है। ऐप्स को लेटेस्ट वर्जन में अपग्रेड करने से आपका अकाउंट भी सेफ रहता है। डिजिटल पेमेंट या ट्रांजैक्शन के लिए कई ऐप का इस्तेमाल ना करें। क्योंकि कई ऐप का इस्तेमाल करते समय भूलचूक की गुंजाइश रहती है। ऐप में कोई भी दिक्कत आने पर हेल्प सेंटर की मदद लें। किसी बाहरी व्यक्ति से इस बारे में मदद ना लें। बिना सोचे समझे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। यूपीआई स्कैम का इस्तेमाल हैकर यूजर्स को फंसाने के लिए करते हैं। हैकर्स एक लिंक शेयर करते हैं या कॉल करते हैं और उपयोगकर्ताओं को वेरिफिकेशन के लिए एक नया ऐप डाउनलोड करने के लिए कहते हैं। आपको कभी भी ऐसे लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए और न ही पिन या किसी अन्य जानकारी को किसी के साथ शेयर करना चाहिए। बैंक कभी भी पिन, ओटीपी या कोई अन्य पर्सनल डिटेल नहीं मांगते हैं।

**लापरवाही हुई तो आप साइबर फ्रॉड का बड़ी आसानी से टारगेट बन जाते हैं**



# भाजपा का ओबीसी विरोधी चेहरा सामने आयाः दीपक

### शिवराज सरकार न्यायालय में ओबीसी का मजबूती से पक्ष नहीं रख सकी और आरोप कांग्रेस पर लगा रही




**मुरैना।** मध्यप्रदेश में आगामी जनवरी माह में संपन्न होने जा रहे पंचायत चुनाव को लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त कर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार अपनी नाकामी को छुपाकर कांग्रेस पर थोपने में लगी है। उन्होंने एक बार फिर अदालत में अपना ओबीसी विरोधी चेहरा पेश किया है, अगर मध्य प्रदेश सरकार जोरदार तरीके से माननीय न्यायालय में ओबीसी वर्ग का पक्ष रखती तो आरक्षण समाप्त होने की नौबत ही नहीं आती, यह बात पत्रकारों से शहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कही।

श्री शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व मैं कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश के ओबीसी वर्ग को उसका हक दिलवाने के लिए कृत संकल्पित है और शहर जिला कांग्रेस मुरैना कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी और सामाजिक न्याय की लड़ाई को जारी रखेगी। आरक्षण निरस्त होने के फैसले से अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को गहरा धक्का लगा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की सोच हमेशा से आरक्षण को समाप्त करने की रही है। अपने षड्यंत्र, गलतियों और अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी चरित्र को छुपाने के लिए भाजपाई कांग्रेस पार्टी पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। प्रेस वार्ता में मौजूद अधिवक्ता व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रक्षपाल सिंह तोमर, हरी सिंह सिकरवार व संजय मिश्रा ने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के मामले का हवाला देते हुए मध्य प्रदेश के पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण को निरस्त किया है। भाजपा सरकार अपनी ओर से माननीय उच्च न्यायालय में इस बात को सही तरीके से नहीं रख सकी। प्रदेश के पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट में या माननीय उच्च न्यायालय में नहीं गई थी, इस बात को कांग्रेस पार्टी ने 6 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में स्पष्ट शब्दों में सार्वजनिक कर दिया था। संबंधित पक्ष का निजी हैसियत से माननीय अदालत में गए थे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ग्राम पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के असंवैधानिक पक्षों का विरोध किया था और उन्हें सार्वजनिक किया था, लेकिन कांग्रेस ने चुनाव का विरोध नहीं किया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य निर्वाचन आयोग से यही बात कही है कि चुनाव में संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जाए। शहर जिला कांग्रेस के कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में अशोक भदौरिया, गौरीशंकर कुशवाह, रामकुमार पाराशर, राकेश परमार, सौरभ सोलंकी, कौशल पण्डित, जसवीर गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## संसार में जो कुछ भी है वह समाप्त होने वाला हैः महामंडलेश्वर पंचमानंद

अम्बाह। जनकल्याण हितार्थ नगर की रतन वाटिका में आयोजित श्रीराम कथा में आज महामंडलेश्वर पंचमानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा



कि श्रीराम कथा का प्रताप इसी बात से साबित होता है कि इस कथा को सुनने मात्र से जीवन से संशय व भ्रम अपने आप दूर हो जाता है। उन्होंने कहा कि संसार में जो कुछ भी है वह समाप्त होने वाला है। व्यक्ति व्यर्थ में लोभमय है। व्यक्ति को यह सब छोडकर प्रभु की आराधना में लगना चाहिए, ताकि उसका जीवन सुखमय हो सके। श्रीराम कथा में शिवचरित्र की महिमा का बखान भी किया गया। इसमें सती चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि सती माता ने मन लगाकर रामकथा नहीं सुनी, इसलिए सती माता को संदेह हुआ। शिव विवाह का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि विवाह के अवसर पर भोलेनाथ का अद्भुत शृंगार हमें जीवन की सत्यता का ज्ञान कराता है। व्यक्ति के हृदय में जब तक श्रद्धा व विश्वास (शिव-पार्वती) का मिलन नहीं होगा, तब तक शक्ति और भगवान (सीता-राम) का मिलन भी सम्भव नहीं है।

## पिछडावर्ग मोर्चा ने केरल के मुख्यमंत्री का पुतला जलाया

**मुरैना।** हाल ही में केरल में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री रंजीत श्रीनिवासन की नृशंस हत्या के विरोध में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन का भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा



वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष साधू सिंह राठौर के नेतृत्व में पुरानी कलेक्ट्रेट पर पुतला दहन किया गया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने केरल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की लगातार हो रही हत्याओं को रोकने एवं केरल की बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर पुतला जलाया। पुतला दहन में हमीर सिंह पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, हंशराज यादव, राजेन्द्र सिंह यादव, पीयूष यादव, देवव्रत शिवहरे, प्रकाश गुप्ता, रमेश ओझा, अवधेश शर्मा, किशोर यादव, जनक सिंह कुशवाहा, राकेश हर्षाना, राजेश सिकरवार, प्रमील तोमर, दिलीप राठौर, राजेन्द्र राठौर, धर्मेन्द्र राठौर, राजू राठौर, डॉ जनक सिंह कुशवाहा आदि ने भाग लिया।

## कैलारस में 26 तक चलेगा आप का सदस्यता अभियानः कर्नल वर्मा

**कैलारस।** मंगलवार को आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश संगठन सचिव व सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी कर्नल उमेश वर्मा



कैलारस पहुँचे। उन्होंने कैलारस के प्रत्येक वार्ड में सघन सदस्यता अभियान चलाने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी की कैलारस की टीम को पहले प्रशिक्षण दिया गया, तत्पश्चात सब्जी मंडी में सदस्यता अभियान चलाया। इस अवसर पर कर्नल उमेश वर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी, नगरपालिका के सभी वार्डो में चुनाव लडने की तैयारी कर रही है और आगामी 26 दिसंबर तक सभी वार्डो में सघन सदस्यता अभियान चलाएगी। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विशाल शर्मा एवं आकाश जगा, मनोज बघेल हरिओम शर्मा, आशु मुद्गल, शिवा तोमर, अजय तिवारी, मुकेश गुर्जर, राहुल गुर्जर आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**अंबाह।** पी जी कॉलेज, अंबाह में रेड क्रॉस सोसायटी इकाई द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में अंबाह सिविल हॉस्पिटल के बीएमओ डॉ डीएस यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने की। कार्यक्रम में डॉ यादव द्वारा कई परिस्थितियों में आवश्यक प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रस्तुत की गई। याथ ही हार्ट अटैक, एक्सीडेंट, ब्रेन स्ट्रोक, मिर्गी, बर्निंग जैसी परिस्थिति में मरीज को दी जाने वाली प्राथमिक सहायता के बारे विद्यार्थियों को बताया, तथा ऐसी स्थिति में सहायता के लिए विद्यार्थियों को आगे आने के लिए आव्हान किया। आपने बताया की चिकित्सा की विभिन्न पेथियों के साथ सबसे आवश्यक है सिंपेथी, अतः मरीज को सांत्वना देना भी जारी रखें। प्राचार्य द्वारा उक्त कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी बताया गया तथा सभी को समाज में अपना उचित सहयोग देने के लिए कहा गया।

## जिला पंचायत के सदस्यों हेतु 11 वार्डो से कुल 165 नाम-निर्देशन जमा

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के लिये नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने का सिलसिला 13 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक चला। इस दौरान जिला पंचायत के सदस्यों हेतु 11 वार्डो से कुल 165 नाम-निर्देशन जमा हुये। जिला निर्वाचन कार्यालय से उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रएल्के पाण्डेय ने बताया कि जिला पंचायत के सदस्यों के पद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से 15, 2 से 18, 3 से 13, 4 से 11, 5 से 19, 6 से 14, 7 से 13, 9 से 12, 10 से 8, 13 से 27, 14 से 15 नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त हुये। जबकि वार्ड क्रमांक 8, 11 और 12 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के पाये गये। इसलिये इन वार्डो से नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुये। अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय चरण में नाम वापस लेने की तारिख 23 दिसंबर गुरूवार अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना तथा निर्वाचन प्रतिकों का आवंटन प्रथम एवं द्वितीय चरण में 23 दिसंबर गुरूवार को अभ्यर्थी से नाम वापसी के ठीक बाद होगा।

## भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा की मैत्री संसार के लिए उदाहरणः प्राची किशोरी



**अम्बाह।** पूठ रोड शांति वाटिका में माथुर वैश्य महिला मंडल द्वारा विश्व कल्याण की कामना को लेकर आयोजित की गई। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास प्राची किशोरी देवी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि 'सुदामा चरित्र' अत्यन्त स्वाभाविक, हृदय ग्राही सरल एवं भावपूर्ण कथा है। इसमें एक ही गुरु के यहां अध्ययन करने वाले दो गुरु-भाइयों, सुदामा और श्रीकृष्ण की आदर्श मैत्री का चित्रण किया गया है। सुदामा एक दरिद्र ब्राह्मण था और कृष्ण यदुवंशियों के सिरमौर। सुदामा एक सामान्य मनुष्य थे किंतु श्रीकृष्ण आर्य जाति में नवजीवन संचार करने वाले योगिराज और महापुरुष ही नहीं अपितु 'धर्मसंस्थापनार्थाय' ईश्वर के अवतार भी थे, ऐसे दो विपरीत स्थिति, स्वभाव और सत्ता वाले व्यक्तियों के बीच मैत्री की रसपूर्ण व्यंजना की है। भागवत कथा के दौरान सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर मुख्य यजमान ने भागवत का पूजन एवं आरती की।

## भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने की प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

**अम्बाह।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बाह निवासी श्रीमती कंचन चौहान ने बीते शाम भोपाल में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर उन्हें अंबाह क्षेत्र में महिला जागृति कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।



श्रीमती चौहान ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया से भोपाल में पार्टी कार्यालय पर मुलाकात की और उनको अंबाह में महिला जागृति कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

# शिक्षा में नवाचारः ब्राइट कैरियर में हुए टीचर लैस एग्जाम

### विद्यार्थियों को स्वयं ईमानदार बनने में सहायक हो रहा है टीचर लेस एग्जाम का प्रयोग



**अम्बाह।** पूर्णतः टीचर लेस एग्जाम अर्थात शिक्षकों की अनुपस्थिति में परीक्षा सुनने समझने में अजीब सा लगता है लेकिन, इस नवाचार के सकारात्मक परिणाम सचमुच चौंकाने वाले हैं। बेशक इस अभिनव प्रयोग की शुरुआत अशासकीय विद्यालय ब्राइट कैरियर एकेडमी अम्बाह में आयोजित तिमाही और छमाही परीक्षा से हुई है किंतु विद्यार्थियों में स्वयं ईमानदारी का भाव जगाने के लिए यह तरीका गजब था। टीचर लेस एग्जाम का सपना सबसे पहले युवाओं को तनावमुक्त एग्जाम के टिप्स देने और सिखाने के लिए एग्जाम के साथ लंच का प्रयोग करने वाले शिक्षाविद समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने देखा और ब्राइट कैरियर एकेडमी के विद्यार्थियों के बीच इस प्रयोग को किया। सुधीर आचार्य बताते हैं कि विद्यार्थियों में जब स्वयं नैतिक रूप से इमानदारी का भाव जागृत होगा तो उन्हें परीक्षा में शिक्षक के होने न होने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। शिक्षक की उपस्थिति में विद्यार्थी ताका झांकी सिलिप बाजी और नकल के विभिन्न तरीके अपनाते हैं लेकिन अगर उनके अंदर परीक्षा देते समय ईमानदारी का भाव होगा तो उनके लिए शिक्षक का होना ना होना कोई मायने नहीं रखता। हमने सबसे पहले विद्यार्थियों को ईमानदारी के महत्व के बारे में बताया और बताया कि यह तिमाही और छमाही परीक्षा सिर्फ पाठ्यक्रम की परीक्षा नहीं है बल्कि उनकी ईमानदारी की परीक्षा है विद्यार्थियों के मन में यह विचार बैठ गया कि उनकी यह परीक्षा इमानदारी की परीक्षा भी है। अधिकांशत विद्यार्थियों ने टीचर के अनुपस्थित रहते हुए भी नकल नहीं की। हां कुछ विद्यार्थियों ने ताका झांकी की कोशिश अवश्य की लेकिन परीक्षा के बाद फीडबैक में उन्होंने अपनी इस गलती को स्वीकार किया। डॉ आचार्य ने बताया कि प्रारंभिक प्रयोग था, जिसके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। अगर सचमुच विद्यार्थियों में स्वयं ईमानदारी का भाव इतनी गहराई से जागृत हो जाएगा। जीवन में कभी भी झूठ बेईमानी और अन्य बुराइयों की ओर नहीं बढ़ेंगे।

# अंजली मोहन गुप्ता बनी खेल मंत्राणी



**मुरैना।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के 32वें महा अधिवेशन में केन्द्रीय महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती दीपिका डॉ.प्रवीण गुप्ता ने अम्बाह जिला मुरैना महिला ईकाई की कोष निरीक्षक अंजली मोहन गुप्ता को केन्द्रीय महिला खेल प्रकोष्ठ का मंत्राणी बनाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा का 32वां महा अधिवेशन देश की सुहाग नगरी उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में आयोजित किया गया था। महा अधिवेशन मैं मौजूद स्वसमाज की बहनों के बीच शपथ लेते हुये अंजली मोहन गुप्ता ने कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष व देश के प्रसिद्ध उधोगपति अशोक गुप्ता, केन्द्रीय महिला मंडल की अध्यक्षा व राष्ट्रीय महामंत्राणी डॉ मधुरमा गुप्ता के मार्ग दर्शन में देश में माथुर वैश्य समाज की बेटियों और बच्चियों को खेल की दुनिया में सम्मानजनक स्थान दिलाने का भरसक प्रयास करेंगी। अंजली मोहन गुप्ता को केन्द्रीय महिला मंडल में खेल प्रकोष्ठ का मंत्राणी बनाने पर अम्बाह, पोरसा व मुरैना में स्वाजातीय महिलाओं और लोगों खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाइ दी हैं। इस दौरान अपने मनोनयन पर अंजली गुप्ता ने वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व धन्यवाद व्यक्त किया है।

# आवास की समस्या को लेकर माकपा ने सोंपा ज्ञापन

**कैलारस।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नगर इकाई कैलारस के द्वारा नगर की समस्याओं को लेकर मुख्य नगर परिषद अधिकारी कैलारस को मांग पत्र सौंपा। नगर में सैकड़ों लोग आवासहीन होकर दर दर की ठोकरें खा रहे हैं।



ज्ञापन के माध्यम से माकपा नगर सचिव राजेश गुप्ता ने बताया कि आवास के सभी आवेदनों की तत्काल जांच कराकर तुरंत आवास स्वीकृत किए जाएं, किराएदारों के लिए प्लाट व आवास स्वीकृत किए जाएं,127 निरस्त किए गए आवेदनों की दोबारा जांच कराकर मंजूर किए जाएं,झरना वाले हनुमान जी, सन् खों, अयोध्या बस्ती, बार्ड क्रं 1- 2 बार्ड क्रं 6 ,बार्ड क्रं 12 में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। एवं जहां जहां नई पाइप लाइन बिछाने की आवश्यकता हो वहां पाइप लाइन बिछाई जावें,स्ट्रीट लाइट के सभी खंभों पर लाइट लगवाई जाए ,नगर के चौराहों पर ट्रैफिक जाम समस्या से निजात दिलाने के लिए डिवाइडर व चौराहों का निर्माण किया जाएं आदि समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई।

माकपा नेता ने बताया कि भाजपा की नगर परिषद के समय से गरीबों की समस्याओं को हल करने के बजाय उलझाया जा रहा है। नागरिक भंयकर रूप से परेशान हैं। आज भी भाजपा नेता गरीबों के आवासों को स्वीकृति होने से रोकने के कोई प्रयास नहीं छोड़ रहे हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नगर इकाई लगातार दो महीने से निरंतर आंदोलन कर रही है। माकपा के आंदोलन के दबाव में एक सैंकडा के लगभग आवास के हितग्राहियों के खातों में एक एक लाख रुपए डाल दिए गए हैं लेकिन आज 700 के लगभग हितग्राही अपने आवेदनों के निराकरण की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहते हैं, सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव बर्षो से नहीं किया गया है। माकपा नेता ने इस मौके पर नगर परिषद को चेतावनी देते हुए कहा कि गरीबों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। माकपा हमेशा गरीबों के साथ खड़ी थी और आगे भी खड़ी रहेगी। गरीबों पर, भाजपा के हर हमलें का मुंहतोड जबाव दिया जाएगा। ज्ञापन के मौके पर माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह, छात्र नेता राजवीर सिंह धाकड़, हरीओम गोयल, नरेंद्र सिंह तोमर, रामबाबू शाक्य, नरेश जाटव,गुड्डीबाई, गुलाबों देवी, सुनीता जादौन, आमना खां, रमेश जाटव, जगदीश जाटव, भोगीराम कुशवाह, बकील कुरेंशी, बादामी बघेले, कलावती बघेले आदि मौजूद थे।

## पूर्वांचल पर नजर

पूर्वांचल को विकास की सौगात देने के बाद काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण भाजपा को अगले चुनाव में सत्ता तक पहुंचाने का मार्ग बन सकता है। ऐसा माना जाता है कि वाराणसी से दूसरी बार लोकसभा पहुंचे नरेंद्र मोदी के लिए पूर्वांचल गुडलक जैसा है। यहां से उन्होंने 2014, 2019 लोकसभा चुनाव और 2017 में यूपी विधानसभा चुनाव का आगाज किया था। नतीजों में भाजपा को बंपर सीटें भी मिली थी। ऐसे में भाजपा की सोच है कि पूर्वांचल में पार्टी की पकड़ ढीली ना हो और पूर्वांचल के गुडलक को फिर से यूपी चुनाव में भुनाया जाये। वहीं पूर्वांचल में भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों में गोरखपुर में एम्स और फर्टिलाइजर, गन्ना किसानों का भुगतान, किसानों के लिए कर्जमाफी की घोषणा, सड़कों-फ्लाईओवरों का निर्माण जैसी कई उपलब्धियां शामिल हैं। पूर्वांचल में भाजपा की मजबूत पकड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्वांचल की कुल 164 विधानसभा सीटों में से भाजपा को 115 सीटें मिली थीं। वहीं सपा को 17, बसपा 14, कांग्रेस को 2 और अन्य को 16 सीटें हासिल हुई थीं। हालांकि, एक आंकड़ा यह भी है कि पिछले तीन दशक में पूर्वांचल का मतदाता किसी एक पार्टी के साथ हमेशा नहीं रहा। इसी को देखते हुए भाजपा की तरफ से इन क्षेत्रों में विकास योजनाओं की झड़ी लगा दी गई है। साथ ही पार्टी 2022 के चुनाव में पूर्वांचल को अपने पक्ष में मजबूत करने में जुट गई है। पूर्वांचल में विकास कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं के अलावा भाजपा जातीय समीकरण पर भी ध्यान दे रही है। वैसे तो उत्तर प्रदेश में चुनाव अगले साल की शुरुआत में होना है लेकिन एक तरह से प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र काशी से अभी से यूपी मिशन का आगाज कर दिया है। साथ ही यह संदेश भी दे दिया है कि पूर्वांचल और काशी का विकास केवल भाजपा ही कर सकती है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करके यह साफ कर दिया कि भाजपा अगला चुनाव योगी के नेतृत्व में ही लड़ेगी। दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से हो कर जाता है लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात है कि यूपी की सत्ता का रास्ता पूर्वांचल से होकर गुजरता है। जिसने पूर्वांचल में अधिक सीटें हासिल कर ली सत्ता उसे मिल गई। इसलिए भाजपा पूर्वांचल में अपनी पकड़ और बढ़त बनाए रखना चाहती है। 2017 में भाजपा सत्ता में तो आई लेकिन पूर्वांचल की 10 सीटों पर उसकी स्थिति कमजोर बनी रही। जहां अपनी जमीनी हालत दुरस्त करने पर पीएम मोदी और सीएम योगी का मुख्य फोकस रहा है। यूपी के पूर्वांचल को हमेशा बीमारू क्षेत्र के रुप में जाना गया। यहां विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ था। लेकिन मोदी के काशी के सांसद बनने के बाद से विकास ने यहां रफ्तार पकड़ ली और शहर की सूरत ही बदल गई है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति के हिसाब से सक्रियता बढ़ा दी है। दरअसल आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर यूपी का पूर्वांचल भाजपा के लिए काफी अहम है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पश्चिमी यूपी में किसान आंदोलन का असर अधिक देखा जा रहा है। वहीं लखीमपुर खीरी कांड भी भाजपा के लिए सिरदर्द बना हुआ है। ऐसे में इसका नुकसान पश्चिमी यूपी और तराई बेल्ट में देखने को मिल सकता है। हालांकि पूर्वांचल जिलों में अब भी भाजपा काफी मजबूत नजर आ रही है। इसलिए भाजपा का पूरा फोकस पूर्वांचल के जिलों पर है। मिशन-2022 के लिए माना जा रहा है कि भाजपा पश्चिमी यूपी में होने वाले नुकसान की भरपाई पूर्वांचल में मजबूत होकर करना चाहती है।

# मिथकीय मोहपाश में बंधने की मजबूरी

**अविजीत पाठक**

ख्यात हस्तियों यानी सितारों के बारे में जानने की दिलचस्पी किस कदर होती हैङ्क खासकर उनका प्यार और रोमांस! बेशक, यह सितारा-संस्कृति हमें ऐसे मिथकीय संसार में ले जाती है, जिसमें नयनाभिराम दृश्य, ग्लैमर, पैसा, शोहरत, बनती दोस्ती और भंग होते रिश्तों की 'चाट' है और हम लोगङ्क जो अनजान/बिना नाम वाले हैंङ्क इनकी परीलोक सरीखी कथा से विस्मृत होते रहते हैं, चटपटी कहानियों के बारे में पढ़-बतियाकर रस लेते हैं। इसलिए हाल ही में कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की मोहक जोड़ी के बारे में निरंतर जिज्ञासा रही।

लोगबाग राजस्थान के बरवाड़ा में सिक्स सैंसेस नामक किले में संपन्न हुई इस भव्य शादी के बारे में जानने को उत्सुक रहे। समारोह की भव्यता और अंदर के दृश्यों के बारे में जानने की लोगों की इस प्रबल उत्कंठा को पूरा करने को असंख्य मीडिया हाउस भी तत्परता से जुटे रहे। इसलिए, जब वे कहते हैं 'देखिए हमारे पास है गलियारे में बांह में बांह डाल घूमते 'नवदंपति की पहली तस्वीर', तो लोग बड़ी दिलचस्पी से इसको हाथों-हाथ लेते हैं। हमें बताया गया कि कैटरीना की शादी की अंगूठी प्रिंसेस डायना द्वारा पहनी मशहूर पुखराज की अंगूठी जैसी है। यह 'रहस्योद्घाटन' भी किया गया : जुहू के 'लव-नैस्ट' को सजाने में 50 कारीगर दिन-रात एक किए हुए हैं; कैटरीना का दुल्हन वाला लाल लहंगा कैसा है या फिर संगीत-शाम पांच-सतहों वाला केक था या फिर 20 किलो जैविक मेहंदी खपी हैङ्क जी हां, यह सारा आयोजन करण जौहर की किसी ब्लॉक बस्टर फिल्म सरीखा है। इस 'साक्षात परीकथा' का रसास्वादन छोड़ देना भला कौन गवारा करे?

यह सितारा-संस्कृति हमें क्योंकर इतनी लुभाती है? क्या यह किसी प्रकार का पलायन है या हमारी रोजाना जिंदगी की तल्खियों से कुछ लम्हों के लिए सही, ध्यान भटकाने में राहत भरा अहसास है? एक सरकारी दफ्तर में अपने अफसर से लगातार जलील होता कोई बाबू; भीड़-भाड़ वाले बैंक का कैशियर; रोजमर्रा के गृहस्थी के कामों- सफाई, धुलाई, खाना पकाने- से बुरी तरह थकी-टूटी गृहिणी; अपनी शादी हेतु सुंदर दिखने की चाहत लिए बारम्बार ब्यूटी पार्लर का रुख करती मध्य वर्गीय एक युवा लड़की; संघर्षशील युवा, जिसके पास ढंग का पक्का पेशा नहीं हैङ्क जी हां, हमीं में से इन लोगों को लगता है रोजाना की जिंदगी अपना आकर्षण खो चुकी है, अल्बर्ट कैमस के शब्दों में कहें 'नीरस'।

शायद सितारा-संस्कृति का अवलोकन करना एक उत्तेजना, शारीरिक एवं मानसिक सनसनी भरी फिल्म है, जो हमें अपनी एकरसता से वक्ती निजात पाने में मदद करती है या फिर क्या दबी हुई इच्छा की पूर्ति है? क्या यह वह तमन्ना है, जो मुंबई की कॉलेज जाने वाली निम्न मध्यवर्गीय लड़की कैटरीना जैसा भव्य लहंगा पहनना मन-ही-मन पाले हुए है? क्या यह कोलकात्ता की भीड़-शोर भरी लोकल ट्रेन में सफर करने वाले आम आदमी की सुनहली कल्पना है, जिसमें खुद को संगिनी के साथ मालदीव के समुद्रतटों पर रोमांस करते पाता है? क्या हम भी अनुष्का शर्मा-विराट कोहली की तरह फेसबुक पर अपने 'सदाबहार एवं वैभवशाली' प्यार का इज़हार करती पोस्ट डालने की हसरत नहीं रखते? आज हम मीडिया चालित आभासीय उपभोक्ता संस्कृति में जी रहे हैं। हमें सब कुछ ब्रांडेड उपभोग करने को उद्धृत किया जाता है- चाहे यह कोई डेटिंग एप्लीकेशन हो, पहाड़ों में हनीमून पैकेज या फिर वैलेंटाइन डे पर उपहार रूपी अंगूठी। उपभोक्तावाद के इस लुभायमान तर्क से मुक्त रहना आसान नहीं होता। यहां यह अहम बात जानना जरूरी है कि उपभोक्ता संस्कृति निजाम को ब्रैंडिंग की आसक्ति घड़ने-फैलाने हेतु किसी सितारे-नामचीन हस्ती की सिफारिश एवं तारीफ करती छवि की दरकार होती है। लेकिन कोई हैरानी नहीं, मशहूर हस्तियांङ्क क्रिकेट स्टार, नामी खिलाड़ी, नामी बॉलीवुड हीरो-हीरोइन, ब्यूटी क्वीनङ्क इनको भी अपने व्यक्तित्व से जुड़े 'रहस्य' बरकरार रखने की जरूरत होती है; चाहत है ब्रांडेड जगत के प्रचार अभियानों में अपना चेहरा लगातार बनाए रखने की। क्या हैरानी, यदि कैटरीन-विक्की ने अपनी शादी के टेलीकास्ट-अधिकार अमेज़ॉन प्राइम को 80 करोड़ में बेचे हों? अन्य शब्दों में, सितारा-संस्कृति को बढ़ावा देने वाले तकनीकी-पूंजीवादियों, छिपे रहकर उद्धृत वाले एवं प्रबंधन गुरुओं के लिए इस मायाजाल को कायम रखना जरूरी है। इस संस्कृति-राजनीति को बनाए रखने के लिए चमकदार पत्रिकाएं, इंस्टाग्राम/ट्विटर मैसेज़ फैशन शो, सौंदर्य प्रतियोगिताएं या चकाचौंध भरे शादी समारोह जैसे आयोजन बहुत जरूरी हैं। यह एक बढ़िया और फायदेमंद धंधा है!

तथापि, बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हम लोगों के लिए इस किस्म की सितारा-संस्कृति के मोहपाश से बचना कभी संभव हो पाएगा। कदाचित इसका जवाब उस गहरी अंतर्दृष्टि में है, जो हमें इन तमाशों की मिथकीय आसक्ति से बचाने में सक्षम बनाए। यह असली जिंदगी का अहसास करने जैसा है- यहां तक कि इन हस्तियों के लिए भीङ्क न कि किसी पिक्चर-पोस्टकार्ड सरीखा। उदाहरण के लिए, 'नश्वरता की शाश्वता' से बचा नहीं जा सकता, आज की ब्यूटी क्वीन कल को कंकाल में बदल जाएगी; या आज की खुशी भरी शादी का अंजाम कल को तलाक में हो सकता है या फिर किसी को एकाएक मिला स्टारडम कल को उसे अवांछित-गुमनाम होने की पीड़ा से बचा नहीं सकता! जिंदगी जो होती है, वैसी रहेगी, जिसमें खुशी और ठहाके भरे पल, अनचाही दुर्घटनाएं और त्रासदी के तीव्र लम्हे, उद्वेग एवं उल्लास, मनोचिकित्सीय दवाएं और नींद की गोलियां, यश और गुमनामी, सब कुछ होता है।

तथापि, यह हमारे लिए महत्वपूर्ण हैङ्क मेरा मतलब है हम जैसे अनजान लोगों के लिएङ्क यह अहसास करना कि 'साधारण में भी असाधारणता' होती है; प्यार की कली संघर्ष में भी खिल सकती है।

प्यार को हीरे की अंगूठी की दरकार नहीं होती; न ही इसकी पूर्ति फेसबुक पर अपने युगल की अंतहीन पोस्ट डालने से होती है। प्यार पर धनी और शक्तिशाली हस्तियों का एकाधिकार नहीं है। बल्कि ज्यादातर अमीरों का अत्यधिक स्व-अहं प्यार के प्रवाह में अड़चन बन जाता है। और ठीक इसी समय, जो साधारण दिखता है, उसमें प्यार का दीदार असंभव नहीं है ङ्क मसलन, एक अस्पताल के कैंसर वार्ड में जब एक पति अपनी पत्नी की सेवा-सुश्रूषा करता है, उसके कमज़ोर बदन को साफ करता है या जैसा कि ओ' हेनरी ने अपनी कालजयी रचना गिफ्ट ऑफ मैगी में किया है, जिसमें डैला और जिम के बीच परस्पर स्पंदनशील रिश्ता है। तथ्य तो यह है कि न तो कोई मिथकीय स्वर्ग है, न ही कोई जादुई जगत। केवल यहीं और वास्तविक समय में ही, हम अर्थ पा सकते हैं या प्यार और सुंदर क्षणों का अनुभव ले सकते हैं। लेकिन उपभोक्ता-संस्कृति हमें 'पीछे छूट जाने के डर के साथ जीता' देखना चाहती है, क्योंकि उसे अपनी परी कथाएं बेचने के लिए हमारा अंतस खाली जो चाहिए।

## अहं भाव न पालें

एक बार देशभक्त वीर शिवाजी सज्जनगढ़ का किला बनवा रहे थे। हजारों मजदूर वहां काम करते थे। एक दिन शिवाजी किले को देखने गए। यत्र की तरह उनको काम करते देखकर शिवाजी के मन में अहं आ गया। वे सोचने लगे- इन सबकी आजीविका मेरे द्वारा चलती है! इतने में उनके गुरू समर्थ रामदास स्वामी वहां पहुंच गए। विशिष्ट ज्ञान के द्वारा उन्होंने शिवाजी के मन की बात जान ली और निश्चय किया कि इसको प्रतिबोध देना जरूरी हो गया है। वास्तव में गुरू वे ही होते हैं, जो समय पर अनुयायियों को गिरने से बचा लें। स्वामी रामदास ने वहां काम करने वालों को आदेश दिया कि एक बड़ी चट्टान को तोड़ो। उनकी आज्ञा से चट्टान तोड़ी गई। भीतर पानी और मेढक निकले। रामदास ने पूछा - शिवाजी ! इनका लालन-पालन कौन करता है?

**शिवाजी - इनका पोषण प्रकृति से होता है, करता कोई नहीं।**

**रामदासजी- और इन मजदूरों का जीवन किससे चलता है?**

शिवाजी ने गुरू के पैर पकड़ लिए और बोले- गुरुदेव! आपने मुझे बचा लिया। आपने मेरे अभिमान को चूर-चूर कर सही रास्ता दिखा दिया। ये सब अपने पुरूषार्थ से जीते हैं। मेरा अहं झूठा था, मैं किसका पालन कर सकता हूं? कहने का अर्थ यह है कि मनुष्य प्रामाणिकता और चरित्र-निष्ठा से काम करे, पर मिथ्या अभिमान न करे। कुछ लोग सोचते हैं-हम ही सब कुछ करने वाले हैं। हम जमीन-आसमान एक कर देंगे। यही अहं भाव व्यक्ति को आगे नहीं बढ़ने देता।

## महिला सशक्तिकरण

**शरद नारायण खरे**

आज के आधुनिक समय में महिला सशक्तिकरण एक विशेष चर्चा का विषय है। हमारे आदि - ग्रंथों में नारी के महत्त्व को मानते हुए यहाँ तक बताया गया है कि ÷यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता÷ अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते है।

लेकिन विडम्बना तो देखिए नारी में इतनी शक्ति होने के बावजूद भी उसके सशक्तिकरण की अत्यंत आवश्यकता महसूस हो रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का अर्थ उनके आर्थिक फैसलों, आय, संपत्ति और दूसरे वस्तुओं की उपलब्धता से है, इन सुविधाओं को पाकर ही वह अपने सामाजिक स्तर को ऊँचा कर सकती हैंराष्ट्र के विकास में महिलाओं का महत्त्व और अधिकार के बारे में समाज में जागरुकता लाने के लिये मातृ दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदि जैसे कई सारे कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। महिलाओं को कई क्षेत्र में विकास की जरुरत है। भारत में, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरुरी है, जैसे - दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, वैश्यावृति, मानव तस्करी और ऐसे ही दूसरे विषय।

अपने देश में उच्च स्तर की लैंगिक असमानता है। जहाँ महिलाएँ अपने परिवार के साथ ही बाहरी समाज के भी बुरे बर्ताव से पीड़ित है। भारत में अनपढ़ो की संख्या में महिलाएँ सबसे अव्वल है।



नारी सशक्तिकरण का असली अर्थ तब समझ में आयेगा जब भारत में उन्हें अच्छी शिक्षा दी जाएगी । स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है अर्थात स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व माना गया है। इस सृजन की शक्ति को विकसित-परिष्कृति कर उसे सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, विचार, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समानता का सु-अवसर प्रदान करना ही नारी सशक्तिकरण का आशय है। दूसरे शब्दों में - महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा, आर्थिक तरक्की के बराबरी के मौके मिल सके, जिससे वह सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर सके। यह वह तरीका है, जिसके द्वारा महिलाएँ भी पुरुषों की तरह अपनी हर आकंक्षाओं को पूरा कर सके।

आसान शब्दों में महिला सशक्तिकरण को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि इससे महिलाओं में उस शक्ति का प्रवाह होता है, जिससे वो अपने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं ले सकती हैं और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती हैं। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना ही महिला सशक्तिकरण है।

भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता के बहुत से कारण सामने आते हैं। प्राचीन काल के अपेक्षा मध्य काल में भारतीय महिलाओं के सम्मान स्तर में काफी कमी आयी। जितना सम्मान उन्हें प्राचीन काल में दिया जाता था, मध्य काल में वह सम्मान घटने लगा था। आधुनिक युग में कई भारतीय महिलाएँ कई सारे महत्वपूर्ण राजनैतिक तथा प्रशासनिक पदों पर पदस्थ हैं, फिर भी सामान्य ग्रामीण महिलाएँ आज भी अपने घरों में रहने के लिए बाध्य है और उन्हें सामान्य स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध नही है।शिक्षा के मामले में भी भारत में महिलाएँ पुरुषों की अपेक्षा काफी पीछे हैं। भारत में पुरुषों की शिक्षा दर 81.3 प्रतिशत है, जबकि महिलाओं की शिक्षा दर मात्र 60.6 प्रतिशत ही है। भारत के शहरी क्षेत्रों की महिलाएँ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के अपेक्षा अधिक रोजगारशील है, आकड़ो के अनुसार भारत के शहरों में साफ्टवेयर इंडस्ट्री में लगभग 30 प्रतिशत महिलाएँ कार्य करती है, वही ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 90 फीसदी महिलाएँ मुख्यतः कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में दैनिक मजदूरी करती है।भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता का एक और मुख्य कारण भुगतान में असमानता भी है। एक अध्ययन में सामने आया है कि समान अनुभव और योग्यता के बावजूद भी भारत में महिलाओं को पुरुषों के अपेक्षा 20 प्रतिशत कम भुगतान दिया जाता है।

# आरक्षण के जिन्न को बोतल में बंद करने की तैयारी

### सूडोकु नवताल- 5929

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5928 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

**सनत कुमार जैन**

आरक्षण को लेकर लगभग सभी राजनैतिक दलों में आरक्षित वर्ग के आधार पर अपना जनाधार बढ़ाने के प्रयास बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। मराठा, जाट, निषाद, पाटीदार, गुज्जर, जाट समुदायों के विशाल आरक्षण आंदोलनों के अलावा पिछड़े वर्ग में सैंकड़ों पिछड़ी जातियां शामिल होने के कारण जातीय आधार पर जनगणना एवं आरक्षण की मांग को लेकर हिन्दी भाषी राज्यों में आरक्षण की राजनीति चरम पर है। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने इस लड़ाई में न्यायालयों को भी शामिल कर लिया है। जिसके कारण न्यायपालिका और विधायिका के बीच आरक्षण के मुदृदे पर टकराव बढ़ता जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण को स्वीकार नहीं किया है। जिन राज्य सरकारों ने 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण दिया, उसे विभिन्न हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने न्याय संगत नहीं माना। इसके बाद भी सत्ता तक पहुंचने के लिए राजनैतिक दल आरक्षण की मांग को 50 फीसदी से ज्यादा स्वीकार करते हुए आरक्षण बढ़ाते हैं। जिसे सुप्रीम कोर्ट से अवैध ठहरा दिया जाता है। इसके बाद भी आरक्षण विवाद में राजनैतिक दल अपने फायदे के लिए आग में घी डालने का कोई मौका नहीं छोड़ते रहे है।

पिछले कई महीनों से जातीय आधार पर जनगणना की मांग तेजी से बढ़ती जा रही है। बिहार विधानसभा ने जातीय आधार पर जनगणना के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर केंद्र सरकार को भेज दिया है। कई राजनैतिक



दलों द्वारा जातीय जनगणना की मांग की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकारों से जातीय जनगणना की जानकारी मांगे जाने के बाद, आरक्षण का जिन्न एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के समीकरणों में असर डाल रहा है। मण्डल और कमण्डल की 30 वर्ष पुरानी लड़ाई एक बार फिर चरम पर पहुंच गई है।

पिछले दो दशक में सरकारी नौकरियों की संख्या लगातार घट रही है। निजीकरण के बाद अब नौकरियों में आरक्षण का फायदा भी बहुत कम हो गया है। सत्ता पर भागीदारी बढ़ाने के लिए जातीय स्तर पर आरक्षण की मांग बढ़ने से यह मुदृदा चुनावों के दौरान मतदाताओं के समूह पर बड़ा असर डालता है। अत÷ आरक्षण की वैतरणी में सभी राजनैतिक दल डुबकी लगाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में मध्यप्रदेश के पंचायत चुनाव में सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की मराठा आरक्षण को लेकर जो याचिका लगी थी, उसमें मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए आरक्षण के मुद्दे पर दोनों राज्यों के लिए समान आदेश पारित करने से मध्यप्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच की लड़ाई सड़कों पर आ गई है। कांग्रेस की ओर से दायर याचिका में पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर कोई मांग नहीं की गई थी। परिसीमन और आरक्षण के रोटेशन में शासन द्वारा नियमों का पालन नहीं किये जाने को लेकर याचिकायें दायर हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण की सीटों पर रोक लगाने के आदेश से भाजपा को कांग्रेस के उपर ठीकरा फोड़कर पिछड़े वर्ग की सहानुभूति जगाने का एक अवसर मिला। भाजपा नेताओं ने इसे भुनाने के लिए कांग्रेस को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

वहीं सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर गलतबयानी करने पर भाजपा नेताओं के खिलाफ 10 करोड़ का मानहानि नोटिस देकर मैदान एवं न्यायालय के अंदर दो-दो हाथ करने की तैयारी कर ली है। आरक्षण के मुदृदे पर जिस तरह से जातीय जनगणना की मांग विभिन्न राज्यों में बढ़ रही है। उससे ऐसा लगता है कि आरक्षण के जिन्न को भाजपा ने बोतल में बंद करने की तैयारियां शुरु कर दी है। जातीय आधार पर जनगणना के आंकड़े आने पर अब एससी, एसटी एवं पिछड़े वर्ग की जातियों में जनगणना के आधार पर आरक्षण देने की मांग होगी। जो राजनैतिक एवं संवैधानिक दृष्टि से संभव नहीं होगा। जातीय आधार पर अब देश की आबादी को कई भागों में बांटने की जो तैयारी हो रही है वह संवैधानिक दृष्टि से संभव नहीं है।

## मतदान और आधार-कार्ड: कुछ सवाल

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

आधार-कार्ड को मतदाता पहचान-कार्ड से जोड़ने के विधेयक को लोकसभा ने पारित कर दिया है। वह राज्यसभा में भी पारित हो जाएगा लेकिन विपक्ष ने इस नई प्रक्रिया पर बहुत-सी आपत्तियां की हैं। उनकी यह आपत्ति तो सही है कि बिना पूरी बहस किए हुए ही यह विधेयक कानून बन रहा है लेकिन इसकी जिम्मेदारी क्या विपक्ष की नहीं है। विपक्ष ने सदन में हंगामा खड़ा करना ही अपना धर्म बना लिया है तो सत्तापक्ष उसका फायदा क्यों नहीं उठाएगा ? वह दनादन अपने विधेयकों को कानून बनाता चला जाएगा। जहां तक आधार कार्ड को मतदाता-कार्ड के साथ जोड़ने का सवाल है, पहली बात तो यह है कि ऐसा करना अनिवार्य नहीं है याने कोई मतदाता पंजीकृत है और उसके पास अपने मतदाता होने का परिचय पत्र है और आधार-कार्ड नहीं है तो उसे वोट डालने से रोका नहीं जा सकता। तो फिर यह बताएं कि आधार कार्ड की जरुरत ही क्या है? इसकी जरुरत बताते हुए सरकार का तर्क यह है कि कई लोग फर्जी नामों से मतदान कर देते हैं और कई लोग कई बार वोट डाल देते हैं। यदि आधार-कार्ड और मतदाता पहचान-पत्र साथ-साथ रहेंगे तो ऐसी धांधली करना असंभव होगा। यह ठीक है लेकिन यदि किसी व्यक्ति के पास सिर्फ आधार कार्ड है तो क्या उसे वोट डालने का अधिकार होगा? आधार-कार्ड तो ऐसे लोगों को भी दिया जाता है, जो भारत के नागरिक नहीं हैं लेकिन भारत में रहते हैं। वह तो एक तरह का प्रामाणिक पहचान-पत्र है। यदि आधार-कार्ड के आधार पर वोट डालने का अधिकार नहीं है तो मतदान के समय उसकी कीमत क्या होगी? जिनके पास आधार-कार्ड नहीं है या जो उसे सबको दिखाना नहीं चाहते, उन्हें भी वोट देने का अधिकार होगा तो फिर इस कार्ड की उपयोगिता क्या हुई? आधार-कार्ड में उसके धारक की निजता छिपी होती है। उसके नंबर का दुरुपयोग कोई भी कर सकता है। इसी आधार पर विपक्षी सांसदों ने इस प्रावधान का विरोध किया है। यदि मतदान करते वक्त मतदाता के आधार कार्ड से उसके नाम और नंबर का पता चल जाए और उसे मतपत्र से जोड़ दिया जाए तो यह आसानी से मालूम किया जा सकता है किसने किसको वोट दिया है याने गोपनीयता भंग हो गई। इस डर के मारे हो सकता है कि बहुत-से लोग वोट डालने ही न जाएं। यह भी तथ्य है कि अभी तक 131 करोड़ लोगों ने अपना कार्ड बनवा लिया है। लेकिन यदि इस विधेयक पर विस्तार से बहस होती तो इसकी कमियों और उनसे पैदा होनेवाली शंकाओं को दूर किया जा सकता था।

# आपकी त्वचा के लिए अमृत है पानी



पानी न केवल आपके शरीर के सभी अंगों को सही प्रकार कार्य करने में मदद करता है, बल्कि साथ ही साथ यह आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है।

## हाईड्रेशन

पर्याप्त मात्रा में पानी पीना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इससे पाचन क्रिया अच्छी रहती है, संचार सुचारू रहता है और अन्य कई स्वास्थ्य परेशानियों से भी हमारा बचाव होता है। लेकिन, क्या आप इस बात से वाकिफ हैं कि पानी हमारी त्वचा के लिए भी जरूरी होता है। आपके लिए इससे जुड़े कुछ सवालों के जवाब लेकर आए हैं। हम आपको बताएंगे कि कैसे अपने शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी रखा जाए, ताकि त्वचा सुंदर और स्वस्थ बनी रहे।

## सारा दिन कम होता है पानी

हमें दिन भर नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना चाहिए। आखिर हमारे शरीर से लगातार पानी कम होता रहता है। यहां एक बात जानना और जरूरी है कि हम जो भी पानी पीते हैं वह त्वचा तक पहुंचने से पहले हमारे शरीर के अन्य अंगों तक पहुंच जाता है। तो, ऐसे में त्वचा का बाहर से खयाल रखना भी जरूरी होता है।

## डिहाइड्रेशन है खतरनाक

अगर त्वचा में पानी की अधिक कमी हो जाए, तो इससे वह रूखी, सख्त और पपड़ीदार हो जाती है। रूखी त्वचा पर झुर्रियां और अन्य प्रकार के नुकसान होने की आशंका अधिक होती है। तो, अपनी त्वचा को किसी प्रकार के नुकसान से बचाने के लिए जरूरी है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

## त्वचा को भी चाहिए पानी

शरीर के अन्य अंगों की तरह हमारी त्वचा को भी पानी की जरूरत होती है। हमारी त्वचा पानी से बनी कोशिकाओं से निर्मित होती है। शरीर के अन्य अंगों की तरह, हमारी त्वचा को भी सही प्रकार से काम करने के लिए पानी की जरूरत होती है।

## मॉश्चराइजर

अपनी त्वचा में नमी का जरूरी स्तर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि रोज रात को मॉश्चराइजर लगाकर सोएं। इससे आपकी त्वचा को अच्छा पोषण मिलेगा। केमिकल उत्पादों के उपयोग से बचें। स्वस्थ त्वचा के लिए कुदरती उत्पादों का उपयोग करना बेहतर रहेगा।

## एक्सफोइलेट और हाइड्रेट

आपको अपनी त्वचा को सिर्फ हाइड्रेट करने की ही जरूरत नहीं होती, बल्कि उसका रुखापन भी दूर करने की जरूरत होती है। साथ ही साथ आपको मृत कोशिकाओं को हटाना भी होता है। आप अपनी त्वचा पर मॉश्चराइजर लगाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। इससे आपकी त्वचा का रूखापन और क्रेक कम हो सकते हैं। अपनी त्वचा को स्वस्थ बनाये रखने के लिए इस क्रिया को नियमित रूप से दोहराया जाना जरूरी है।

# अध्याय 2 में दिखेगा नया विद्युत जामवाल



निर्देशक फारुक कबीर वर्तमान में खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा की शूटिंग कर रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म में अभिनेता विद्युत जामवाल नए अंदाज में नजर आएंगे। फारुक कबीर ने कहा कि हम खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा में विद्युत जामवाल का एक बहुत ही गहन और सूक्ष्म चरित्र चित्रण देखने जा रहे हैं। उन्होंने पूरी फिल्म में हर दृश्य और अपने चरित्र के निर्माण पर मेरे साथ बहुत करीब से काम किया है। किरदार की त्वचा में उतरना बहुत मुश्किल होता है पर उन्होंने ऐसा किया। मुझे लगता है कि हम विद्युत का एक ऐसा पहलू देखने जा रहे हैं जिसे मैंने पहले भी नहीं देखा है। किस बात ने लेखक-निर्देशक को अपनी 2020 की फिल्म खुदा हाफिज का दूसरा अध्याय बनाने के लिए प्रेरित किया? कई व्यक्तिगत कारणों ने मुझे खुदा हाफिज अध्याय 2 लिखने के लिए प्रेरित किया। बेशक, हमारे देश के ताने-बाने के भीतर सामाजिक रूप से जो कुछ हो रहा है, उसके कुछ तत्वों ने भी कुछ हद तक मुझे यह फिल्म लिखने के लिए प्रेरित किया। लेकिन अध्याय 2 कई मायनों में मेरे लिए व्यक्तिगत है क्योंकि इसमें मेरे निजी जीवन की बहुत सारी बारीकियां और अनुभव हैं जिन्हें मैंने फिल्म में डाला है। फिल्म के दूसरे अध्याय में कहानी कैसे आगे बढ़ती है, इस पर प्रकाश डालते हुए, निर्देशक ने कहा कि खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा समीर और नरगिस के जीवन में एक साल बाद शुरू होती है।

# मुझे अफसोस है मैंने उनके साथ रिलेशनशिप के बारे में क्यों नहीं बोला:नरगिस फाखरी



अभिनेत्री नरगिस फाखरी एक समय आदित्य चोपड़ा के छोटे भाई और अभिनेता उदय चोपड़ा के प्यार में गिरफ्तार थीं। दोनों के अफेयर की खबरों से गपशप गली गुलजार रहती थीं। वो बात अलग है कि नरगिस ने हमेशा अपने इस रिश्ते पर चुप्पी साधे रखी। वह हमेशा उदय को अपना अच्छा दोस्त ही बताती थीं। हाल ही में पहली बार उन्होंने अपने इस टूटे रिश्ते पर खुलकर बात की। नरगिस ने इस बारे में क्या कुछ कहा, आइए जानते हैं। नरगिस ने स्वीकार किया कि वह उदय चोपड़ा के साथ रिलेशनशिप में थीं। उन्होंने कहा, उदय और मैंने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट किया था। भारत में मिले सभी लोगों में से वह सबसे खूबसूरत इंसान था। मैंने इस बारे में कभी बात नहीं की, क्योंकि लोग मुझे इस रिश्ते को लेकर चुप रहने की सलाह देते थे। उदय से ब्रेकअप होने के बाद नरगिस भारत छोड़ अमेरिका चली गई थीं। नरगिस ने आगे कहा, मुझे बहुत अफसोस है कि मैंने उदय के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक नहीं किया। काश उस समय मैंने पहाड़ की चोटियों से चिल्लाकर कहा होता कि मैं इतने अच्छे इंसान के साथ हूं। उन्होंने कहा, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लोग बहुत नकली हैं। वे नहीं जानते कि सच क्या है? अक्सर हम ऐसे लोगों को अपना आदर्श मान लेते हैं, जो बंद दरवाजों के पीछे बहुत बुरे होते हैं। उदय चोपड़ा से अलग होने के बाद नरगिस अमेरिकी शेफ जस्टिन सैंटोस को डेट कर रही थीं, लेकिन उनसे भी ब्रेकअप हो गया। अपने इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि भले ही जस्टिन और उनकी राहें जुदा हो गई हों, लेकिन दोनों के बीच दोस्ती का रिश्ता बरकरार है। नरगिस अमेरिकी फिल्ममेकर मैट अलोंजो के साथ अपने अफेयर को लेकर भी सुर्खियों में रहीं। हालांकि, उनके इस रिश्ते ने भी मंजिल तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। काम के मोर्चे पर बात करें तो मॉडलिंग की दुनिया में अपनी जगह बनाने के बाद नरगिस ने 2011 में निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म रॉकस्टार से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी।

# मैं लोगों से कहना चाहता हूं कि वे खुद को स्टीरियोटाइप न समझे :आयुष्मान खुराना



अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि एक कलाकार के रूप में उनका उद्देश्य लोगों को लगातार यह बताना है कि वे खुद को या दूसरों को स्टीरियोटाइप न समझें। उन्होंने कहा कि उनकी फिल्म ड्रीम गर्ल का उद्देश्य यही था। जिसकी रिलीज के आज अपने दो साल पूरे हो गए है।

आयुष्मान ने कहा कि जानबूझकर या अनजाने में हम लगातार अपने आस-पास की हर चीज को स्टीरियोटाइप करने के लिए बाध्य होते हैं। कभी-कभी, हमें यह भी पता नहीं होता है कि हम या तो स्टीरियोटाइप हो रहे हैं या दूसरों को स्टीरियोटाइप कर रहे हैं। फिल्म के माध्यम से इस महत्वपूर्ण संदेश को व्यक्त करने की कोशिश करने के लिए स्टार ने अपने निर्देशक राज शांडिल्य और उनकी निमार्ता एकता कपूर को श्रेय दिया। अभिनेता ने कहा कि मुझे ड्रीम गर्ल की स्क्रिप्ट पसंद आई क्योंकि इसने हमें खुद को स्टीरियोटाइप नहीं करने के लिए कहा था। इसने हमें बताया कि जब हम इस चक्र को तोड़ते हैं, तो हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने पूजा बनने का फैसला किया तो मेरे किरदार करमवीर ने खुद को रूढ़िबद्धता से अलग कर दिया। मेरे लिए, यह एक ताजा और विघटनकारी विचार था । मैं लगातार ऐसे विषयों की तलाश में रहता हूं, जो अलग हों, और दर्शकों को एक संदेश देते हों। आयुष्मान ने खुलासा किया कि अगर वह रूढ़ियों को तोड़ने के मिशन पर बने रहे तो एक अभिनेता के रूप में उन्हें संतुष्टि मिलेगी।

## ऐश्वर्या राय ने 400 जूनियर आर्टिस्ट के साथ शूट किया यह गाना




बॉलीवुड एक्ट्रस ऐश्वर्या राय ने 400 जूनियर आर्टिस्ट के साथ अपनी आने वाली फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' का गाना शूट किया है। एक्ट्रस इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' की शूटिंग कर रही हैं। मणिरत्नम के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग पिछले कुछ हफ्तों में पुदुचेरी में खत्म करने के बाद फिल्म की टीम कुछ दिन पहले ही अपने अगले शेड्यूल के लिए मध्य प्रदेश के महेश्वर पहुंच गई है, जहां ऐश्वर्या राय बच्चन ने 400 से ज्यादा जूनियर आर्टिस्ट के साथ एक गाने को शूट किया है। मणिरत्नम बड़े लेवेल पर एक गाने की शूटिंग करना चाहते थे, जिसके लिए उन्होंने 400 से ज्यादा जूनियर आर्टिस्ट्स को शामिल करने का फैसला किया था। यह एक बड़ा डांस नंबर है। इस सॉन्ग को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कोरियोग्राफर वृंदा गोपाल ने कोरियोग्राफ किया है। यह फिल्म 500 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बन रही है। फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी, दोनों पार्ट को एक साथ ही शूट किया जा रहा है। यह एक हिस्टोरिक फिल्म है, जो कल्कि कृष्णमूर्ति के उपन्यास 'पोन्नियिन सेलवन' पर आधारित है।

# प्रीति झंगियानी ने ठुकराया 'बिग बॉस 15' का ऑफर, बताई यह वजह



'बिग बॉस 15' 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और मेकर्स ने सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस सीजन के लिए सिलेब्रिटीज को अप्रोच करना शुरू कर दिया है। खबरें हैं कि इस शो के लिए मेकर्स ने हाल ही टीना दत्ता, मानव गोहिल, सिंबा नागपाल और रीम शेख को अप्रोच किया था। 'बिग बॉस ओटीटी' की कंटेस्टेंट और ऐक्ट्रेस शमिता शेट्टी की को-स्टार प्रीति झंगियानी को भी 'बिग बॉस 15' का ऑफर दिया गया, पर उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया है। प्रीति ने बताया कि उन्हें पिछले कुछ सालों से लगातार 'बिग बॉस' का ऑफर मिल रहा है, लेकिन वह हर बार इसे ठुकरा देती हैं। इस बार भी उन्हें शो की क्रिएटिव टीम से फोन आया, लेकिन मना कर दिया। इसकी वजह पूछे जाने पर प्रीति झंगियानी ने कहा कि वह 'बिग बॉस' के घर में दो दिन भी सरवाइव नहीं कर पाएंगी। यह रियलिटी शो उनके बस का नहीं है। इसीलिए वह हर बार इस शो को करने से इनकार कर देती हैं। प्रीति झंगियानी से जब उनकी 'मोहब्बतें' फिल्म की को-स्टार शमिता शेट्टी के गेम प्लान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि चूंकि वह बिग बॉस को बिल्कुल भी फॉलो नहीं करतीं, इसलिए कुछ कह नहीं सकतीं। उन्होंने कहा कि शमिता के साथ उनकी बॉन्डिंग भी गहरी नहीं है, लेकिन वह चाहती हैं कि शमिता 'बिग बॉस ओटीटी' जीतें। करियर की बात करें तो प्रीति झंगियानी ने 1997 में एक म्यूजिक एल्बम से शुरुआत की थी। इसके बाद 1999 में उन्होंने साउथ की फिल्मों से ऐक्टिंग में एंट्री की। उस साल उन्होंने मलयालयम, तमिल और तेलुगु भाषा की 3 फिल्मों में काम किया था। प्रीति ने बॉलिवुड में 2000 में आई फिल्म 'मोहब्बतें' से एंट्री की थी। साल 2017 में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक ले लिया। वहीं बात करें 'बिग बॉस ओटीटी' की तो इसका फिनाले 18 सितंबर को है। शो में फिलहाल शमिता शेट्टी, राकेश बापट, निशांत भट्ट, दिव्या अग्रवाल, प्रतीक सहजपाल और नेहा भसीन हैं। वहीं 3 अक्टूबर से 'बिग बॉस 15' शुरू हो रहा है।

# अगर आप शारीरिक रूप से कमजोर हैं तो दूध में मिलाकर पीये यह 1 चीज



इस खबर में हम आपके लिए लेकर आए हैं लौंग वाले दूध के फायदे. जाने माने आयुर्वेद डॉक्टर अबरार मुल्तानी के अनुसार, वैसे तो दूध और लौंग का अलग-अलग सेवन करने से शरीर को फायदे होते ही हैं, लेकिन यदि आप इन दोनों का एक साथ सेवन करते हैं तो आप कई गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं.

## लौंग में पाए जाने वाले तत्व

रिपोर्ट के अनुसार, लौंग में विटामिन के साथ अन्य मिनरल्स पाए जाते हैं. इनमें जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. इसके अलावा लौंग में प्रोटीन, आयरन, कार्बोहाइड्रेट्स, कैल्शियम और सोडियम एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है.

## लौंग के फायदे

- लौंग का सेवन करने से भूख बढ़ती है.
- लौंग पेट के कीड़ों को खत्म करती है.
- लौंग चेतना शक्ति को नॉर्मल रखती है.
- लौंक का सेवन करने से शरीर की दुर्गंध दूर हो जाती है
- लौंग का सेवन करने से मूत्र मार्ग ठीक रहता.
- सूत्रों ने बताया कि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और राइबोफ्लेविन (विटामिन बी -2) पाया जाता है. साथ ही विटामिन ए, डी, के और ई सहित फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, आयोडीन व कई खनिज और वसा तथा ऊर्जा भी होती है. ये सभी हमारे शरीर के लिए कई तरह की बामारियों से बचाती हैं.

## दूध के फायदे

- एक गिलास दूध में पुरुषों की रोज की जरूरत का 37 प्रतिशत कैल्शियम पाया जाता है.
- इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं
- दूध में मौजूद फैट और प्रोटीन्स मेल हार्मोन्स को एक्टिव करते हैं. फर्टिलिटी बढ़ती है.
- दूध में मौजूद कैल्शियम स्ट्रोक से बचाता है.
- दूध में मौजूद कैल्शियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखते हैं
- दूध में सेसिन और व्हे प्रोटीन होते हैं, जो मसल्स को मजबूत बनाते हैं.
- लौंग और दूध का एक साथ सेवन करने से फायदे
- लौंग-दूध के सेवन से शरीर के कई रोग जड़ से खत्म हो जाते हैं.
- एसिडिटी, कब्ज, गैस की समस्या खत्म हो जाती है.
- मुंह से आने वाली बदबू से राहत पाने के लिए भी लौंग को चबाकर उपयोग कर सकते हैं.
- दूध में दूध में मौजूद फैट और प्रोटीन्स मेल हार्मोन्स को एक्टिव करते हैं.।

## फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पेज पर नजर आये मीज़ान जाफरी



मीज़ान जाफरी जो अभी सिर्फ दो ही फिल्मों में नज़र आये है , उन्होंने दो फिल्मों से ही ऑडियंस के दिल में घर कर लिया है। लोग उनकी एक्टिंग स्किल से इम्प्रेस हुए है और अब वह नजर आये फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पेज पर।

**कवर पेज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, फिल्मफेयर उनको टैग लाइन दी गयी ऑन द राइज :** मीज़ान जाफरी हास् अराइव्ड इन स्टाइल और मानना पड़ेगा इस कवर पेज पर वह बेहद स्टाइलिश लग रहे है। मीज़ान की फीमेल फैन फोल्लोविंग काफी बड़ी है और इस कवर पेज से उन्हें पूरी अटेंशन मिल रही है। अब वह दिन गए जब ऑडियंस किसी भी स्टार किड को अपनाकर उन्हें सुपरस्टार बना देती थी। आज की ऑडियंस को अच्छी एक्टिंग चाहिए। आप भले ही स्टार किड हो या आउटसाइडर , अगर आप अच्छी एक्टिंग और अच्छी फिल्में कर रहे है तो आप ऑडियंस के बीच हिट है। मीज़ान के खून में एक्टिंग है और दो फिल्मों के साथ उन्होंने अपना पोटेंशियल दिखा दिया है। आज सबको उनसे बहुत उम्मीदें है। वह कभी भी एक्टर नहीं बनना चाहते थे। वह हमेशा से म्यूजिक या स्पोर्ट्स में इंटरेस्ट रखते थे लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था।उन्हें एक ड्रीम लांच मिला जब संजय लीला भंसाली ने उन्हें फिल्म मलाल से डेब्यू करवाया। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली लेकिन सबको मीज़ान पसंद आये। अभी हाल ही में उन्होंने बताया कैसे दो फिल्म बतौर एक्टिंग करने के बाद भी उन्होंने संजय लीला भंसाली को उनकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में असिस्ट किया ।



## इस महाभोज में 1 लाख लोग खाते हैं खाना, ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर रखी जाती हैं पूड़ी

**बैतूल।** बैतूल जिले के एक गांव में ग्राम देवता के दरबार में महाभोज होता है. भोज भी ऐसा जिसमें करीब एक लाख लोग शामिल होते हैं। गांव के लोग मिलकर इसका आयोजन करते हैं. भोजन रखने के लिए बर्तन कम पड़ जाते हैं इसलिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर पूड़ी रखी जाती हैं. खास बात ये है कि इस पूरे महाभोज में एक दाना भी वेस्ट नहीं होता है. बैतूल की मुलताई तहसील के ब?खे? गांव मे पांढरया बाबा का दरबार है. मान्यता है कि ि?ले के सभी ग्राम देवताओं में पांढरया बाबा सबसे बड़े और प्रथम पूज्य हैं. इसलिए हर साल दत्तात्रेय जयंती के दूसरे दिन से अगले 24 घण्टे तक पांढरया बाबा की पूजा अर्चना और फिर महाभोज होता है।

### मुख्यमंत्री निवास में दिखी जुगलबंदी

# शिवराज सिंह चौहान के रंग में रंगने लगे सिंधिया समर्थक मंत्री

**भोपाल।** कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक मंत्री अब बीजेपी की नीति-रीति में पूरी तरह रमते नजर आ रहे हैं। सिंधिया समर्थक अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भी जुगलबंदी करने लगे हैं। जुगलबंदी का ये नजारा मुख्यमंत्री निवास में देखने को मिला. यहां मुख्यमंत्री शिवराज ने पार्टी के मंत्रियों-विधायकों को डिनर पर बुलाया था. डिनर से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ. सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सहित सभी ने गाने गाए।इस दौरान एक गाने ने सुर्खियां बटोरीं. क्योंकि ये गाना सिंधिया समर्थकों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ गाया। ये गाना था शोले फिल्म का 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे.' इस गाने पर नेता थिरके भी. मुख्यमंत्री के साथ मंत्री तुलसीराम सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत और हरदीप सिंह डंग ने सुर मिलाए। मुख्यमंत्री ने विधायकों के अनुरोध पर 'नदिया चले चले रे धारा तुझको चलना होगा..' गाना गाया। रात्रि भोज कार्यक्रम में जबलपुर के जानकी बैंड ने प्रस्तुति दी।





### अब जनता एनओसी के बाद ही कटेगा फीता

आपने अक्सर किसी प्रोजेक्ट के शुरू होने से पहले अलग-अलग विभागों से एनओसी लेने की बात तो सुनी होगी, लेकिन भोपाल में अब जनता भी ह्हष्ट जारी करेगी. बीजेपी के विधायक और हिंदूवादी छवि के नेता रामेश्वर शर्मा ने एक अनूठी पहल की है. शर्मा ने अब 'जनता एनओसी' की शुरुआत की है. उन्होंने कहा कि अब यह निश्चित किया है कि उनके विधानसभा क्षेत्र हुजूर में चल रहे किसी भी विकास कार्य के शुभारंभ से पहले स्थानीय लोगों द्वारा उसका अवलोकन किया जाएगा. इसे जनता एनओसी का नाम दिया गया है।

### सीएम ने दिया आनंदित रहने का मंत्र

इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विधायकों का जीवन आसान नहीं. देर रात तक सोते हैं. समस्याएं सुनते हैं. दिनभर लोगों की सेवा में रहते हैं. इसिलए सप्ताह में एक दिन परिवार को समय देना जरूरी है. उन्होंने कहा कि गर्मियों में पचमढ़ी जैसे स्थान पर भी एक परिवार मिलन कार्यक्रम होगा. उसमें भी बीजेपी विधायक और उनके परिवार के सदस्य शामिल होंगे. सीएम शिवराज ने सभी को आनंद में रहने का भी मंत्र दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी रिलैक्स होकर

### अटलजी की स्मृति में महिला मोर्चा जनप्रतिनिधि महिलाओं को अटल अवार्ड देगा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पूर्व प्रधानमंत्री, अटलबिहारी वाजपेयी की स्मृति में ग्वालियर में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करने वाली महिला जनप्रतिनिधियों को अटल अवार्ड से सम्मान करेगी। यह जानकारी भाजप महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने दी। श्रीमती नारोलिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर महिला मोर्चा प्रदेश भर में सेवा कार्य का आयोजन कर उनका पुण्य स्मरण करेगी।

## इस गांव में मिट्टी उगल रही चमकीला पत्थर, खुदाई के लिए मच गई होड़

**दमोह।** दमोह के गांवों में इन दिनों सैकड़ों लोग अनोखे पत्थर ढूंढ रहे हैं. ये पत्थर 20 रुपये से लेकर 11 हजार रुपये तक बिक रहे हैं. इसकी जानकारी नहीं है कि गांववाले किसके कहने पर ये काम कर रहे हैं. अनजान खरीददार किसी भी वक्त बिना सूचना के पहुंच जाते हैं और ये पत्थर खरीदकर चले जाते हैं. इस मामले में फिलहाल कोई एक्सपर्ट या प्रशासनिक अधिकारी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, ये मामला जिले की दमोह जनपद का है. इसके तहत आने वाली बिसनाखेड़ी पंचायत के करीब 5 गांव बिसनाखेड़ी की माता टोरिया और अन्य जगहों पर अनोखे पत्थर तलाश रहे हैं. ये सिलसिला करीब 15 दिन पहले से चल रहा है.



गांव के सैकड़ों लोग सुबह 8 बजे से यहां पहुंच जाते हैं. जिसे भी ये पत्थर मिलता है वह उसे लेकर बाहर निकल आता है और इंतजार करता है. वह उस पत्थर को अनजान खरीददार को सौंपता है।

### कर्ज माफी नहीं होने से भारी संख्या में किसान हो रहे डिफॉल्टर: जीतू पटवारी

**भोपाल।** खाद के संकट को लेकर पूर्व मंत्री व विधायक जीतू पटवारी ने विधानसभा में प्रश्न पूछा। जिसके जबाब में सरकार से मिले उत्तर में यह स्पष्ट हो गया कि प्रदेश में जितनी मांग थी उससे आधी खाद प्रदेश को उपलब्ध हुई। शासन द्वारा दिए गए उत्तर में यूरिया, डी.ए.पी, पोटास की आवश्कउता अनुसार पूर्ति करने में पूर्णतया असफल रहा है। 20 लाख मेट्रिक टन की मांग के विरूद्ध 11.7 लाख मेट्रिक टन याने 55 प्रतिशत यूरिया प्राप्त किया गया। यही हालात डी.ए.पी, और पोटास में रही। पटवारी ने बताया कि उन्होंने प्रश्न में इन्दौर संभाग में 2.38 लाख मेट्रिक टन की मांग के विरूद्ध मात्र 62,373 मेट्रिक टन याने 26.2 प्रतिशत यूरिया क्यों उपलब्ध हुआ जब की पूरे प्रदेश में आपने 55 प्रतिशत यूरिया उपलब्ध होने की बात कही है।

### संस्थान की क्षमता के अनुसार पाठ्यक्रमों का हो चयन :यादव

**भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति में पाठ्यक्रमों का चयन संस्थान अपनी क्षमता अनुसार निर्धारित करें। मंत्री डॉ. यादव उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल की सामान्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये अंकेक्षक की नियुक्ति, पारिश्रमिक निर्धारण और बहु उद्देशीय सेमीनार हॉल के निर्माण की चर्चा की गई। साथ ही नवीन शिक्षा नीति से शिक्षण शुल्क में वृद्धि, कोविड-19 के कारण वित्तीय वर्ष 2020-21 के लंबित देयकों के भुगतान, संस्थान में आउटसोर्सिंग सेवा के लिये निविदा निकालने तथा संस्थान के संपदा अधिकारों में नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन दिया गया।

### ओबीसी आरक्षण के बिना पंचायत चुनाव नहीं करा सकती सरकार: जायसवाल

**भोपाल।** मप्र महिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती अर्चना जायसवाल ने राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में गलत तरीके से अपना पक्ष रखते हुए बिना ओबीसी आरक्षण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराये जाने के हिटलरशाही रवैये पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि महिला कांग्रेस सरकार के ओबीसी आरक्षण विरोधी रवैया का विरोध करती है और बिना ओबीसी आरक्षण के किसी भी हाल में चुनाव नहीं होने दिया जायेगा। श्रीमती जायसवाल ने पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट से लगी रोक के संबंध में कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर याचिकाकर्ताओं के वकील रोटेशन लागू कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट गये थे, ना कि ओबीसी आरक्षण समाप्त कराने के लिये।

### भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने प्रदेश भर में फूंका केरल मुख्यमंत्री का पुतला

## तुष्टीकरण की राजनीति के कारण हत्या के आरोपी को बचा रहे केरल के मुख्यमंत्री: भगतसिंह कुशवाह

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा केरल के प्रदेश मंत्री रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के विरोध में मंगलवार को लिली टॉकिज चौराहा पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगतसिंह कुशवाह के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन का पुतला जलाया। श्री कुशवाह ने बताया कि प्रदेश भर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने केरल के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर केरल की लचर कानून व्यवस्था की निंदा की। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



भगतसिंह कुशवाह ने कहा कि केरल के एक संगठन एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिव पार्टी ऑफ इंडिया) द्वारा राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगों की लगातार हत्या की जा रही है। केरल सरकार का एसडीपीआई संगठन को समर्थन प्राप्त है। केरल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। वहीं केरल के मुख्यमंत्री मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के चलते आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। श्री भगत ने कहा कि केरल में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री रंजीत श्रीनिवासन की हत्या से देश का पिछडा वर्ग आक्रोशित है। मध्यप्रदेश पिछडा मोर्चा केरल सरकार से मांग करता है कि एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिव पार्टी ऑफ इंडिया) पर अंकुश लगाकर हत्या के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तार करें।

### बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है :राजपूत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश की जनता एवं मंत्रि-मंडल के सहयोगी सदस्यों, जन-प्रतिनिधियों और अफसरों से किए गए बिजली बचाने के अनुरोध पर तत्परता दिखाते हुए राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने सरकारी आवास में अलग-अलग जगहों पर जल रही लाइटों को स्वयं बंद कर इसकी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंशा थी कि बिजली बचाने की शुरूआत मंत्री स्वयं अपने यहाँ से करें। मध्यप्रदेश में जितनी बिजली की जरूरत है, उतना उत्पादन राज्य में बिजली का हो रहा है, पर हम देखते हैं कि प्रदेश में जरूरत से ज्यादा बिजली खर्च भी हो रही है।

### कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी से की मुलाकात

**भोपाल।** सुमावली के कांग्रेस विधायक अजबसिंह कुशवाहा के खिलाफ भाजपा के हारे प्रत्याशी एवं भाजपा नेताओं द्वारा की गई फर्जी एफआईआर को लेकर प्रदेश कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल डीजीपी विवेक जौहरी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने सुमावली के भाजपा के हारे हुए प्रत्याशी और भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस के विधायक अजबसिंह कुशवाहा पर षड्यंत्रपूर्वक झूठे प्रकरणों में फसाकर एफआईआर लिखाने का आरोप लगाया है। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष सीआईडी जांच शीघ्र करायी जाये। प्रतिनिधि मंडल ने श्री जौहरी को बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी पत्र लिखकर कांग्रेस विधायक अजबसिंह कुशवाहा के खिलाफ की गई फर्जी रिपोर्ट की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, पी.सी. शर्मा, जयवर्धन सिंह, विधायक सतीश सिकरवार, बैद्यनाथ कुशवाहा, बाबू जंडेल, महश परमार, रविन्द्र सिंह विडासा, किसान कांग्रेस के दिनेश गुर्जर और ग्वालियर के पूर्व पार्षद कृष्णराव दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## 1971 का युद्ध न भूतो न भविष्यति वाला पराक्रम था :मीरा कुमार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पुरानी विधानसभा मिंटो हाल में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 की विजय दिवस की 50 वीं वर्षगांठ के सिलसिले में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और प्रवीण डावर थे। इस अवसर पर बांग्लादेश मुक्ति संग्राम पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीरा कुमार ने कहा कि बांग्लादेश का मुक्ति संग्राम ना भूतो ना भविष्यति वाला संग्राम है। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय श्रीमतो मीरा कुमार के पिता बाबू जगजीवन राम देश के रक्षा मंत्री थे। बांग्लादेश युद्ध के अपने अनुभव साझा करते हुए श्रीमती मीरा कुमार ने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई युद्ध नहीं हुआ जिसमें 93000 सैनिकों के हाथ में हथियार रहे हो उसके बावजूद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया हो। उन्होंने कहा यह श्रीमती इंदिरा गांधी का कुशल राजनीतिक नेतृत्व ही था कि अमेरिका और चीन, पाकिस्तान का समर्थन कर रहे थे उसके बावजूद भारत ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए।

## अम्बाह पीजी कॉलेज में हुआ प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम...

**राधा तोमर अम्बाह...??**

दिनांक 21/12/2021 को अंबाह पी जी कॉलेज, अंबाह में रेड क्रॉस सोसायटी इकाई द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में अंबाह सिविल हॉस्पिटल के बी.एम.ओ. डॉ. डी. एस. यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने की। कार्यक्रम में डॉ. यादव द्वारा कई परिस्थितियों में आवश्यक प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रस्तुत की। हार्ट अटैक, एक्सीडेंट, ब्रेन स्ट्रोक, मिर्गी, बर्निंग जैसी परिस्थिति में एक मरीज को दी जाने वाली प्राथमिक सहायता के बारे विद्यार्थियों को बताया, तथा ऐसी स्थिति में सहायता के लिए विद्यार्थियों को आगे आने के लिए आव्हान किया। आपने बताया की चिकित्सा की विभिन्न पेथियों के साथ सबसे आवश्यक है सिंपेथी अतः मरीज को सांत्वना देना भी जारी रखें। प्राचार्य द्वारा आज के कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी बताया गया तथा सभी को समाज में अपना उचित सहयोग देने के लिए कहा गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी रेड क्रॉस प्रभारी प्रो. मुकेश श्रीवास ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम संचालन प्रो. शमीम गौरी द्वारा तथा आभार प्रदर्शन डॉ. राजकुमार सिंह तोमर द्वारा किया।



### एनएसयूआई की ऑनलाईन परीक्षा की मांग, राज्यपाल को लिखा पत्र

**भोपाल।** भारतीय राष्टीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मंजुल त्रिपाठी ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिख कर आनलाईन परीक्षा की मांग की हैं। मंजुल त्रिपाठी ने बताया कि मध्यप्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभाग ने छात्र छात्राओं की वर्तमान शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई ऑनलाईन होने के कारण एवं कोरोना के बढते प्रकोप को दिृष्टगत रखते हुए सभी परीक्षाएं ऑनलाईन कराए जाने का छात्रहित में नीतिगत निर्णय लिया है।

### प्रेक्षक द्वारा पंचायत चुनाव संबंधी शिकायतों का प्रतिदिन शाम 4 से 5 बजे किया जाएगा निवारण

भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2021 के लिये आई.ए.एस (सेवानिवृत्त) राजेश कुमार जैन, (मोबाईल नम्बर 9827040746) को प्रेक्षक नियुक्त किया है। पंचायत निर्वाचन संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए प्रतिदिन शाम 4 से 5 बजे तक व्ही.आई.पी. गेस्ट हाउस लालघाटी, भोपाल में प्रेक्षक से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

## दतिया कोतवाली पुलिस ने शातिर अपराधी को किया कट्टे सहित गिरफ्तार

**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**

एक कट्टा धारी बदमाश का वीडियो पुलिस को एक शिकायत के साथ मिला जिसकी तलाश में दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य एवं एसडीओपी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन मे थाना कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया ।

आज दिनांक 21-12-21 को मुखबिर की सूचना पर पानी की टंकी के पास नया ताल पुरा से






आरोपी रितिक साहू पुत्र राजकुमार साहू उम्र 19 साल निवासी भदोरिया की खिड़की दतिया के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा मय एक जिंदा कारतूस के जप्त किया गया है ।

**आरोपी पर है कई मामले पंजीबद्**

1.अपराध क्रमांक 62 / 18 धारा 327 294 506 34 आईपीसी
2.अपराध क्रमांक 419 / 19 धारा 327 341 336 294 506 34 आईपीसी
3. अपराध क्रमांक 482 / 19 धारा 25(1) ए आर्म्स एक्ट
4.अपराध क्रमांक 93 / 19 धारा 327 294 323 34 आईपीसी
5.अपराध क्रमांक 12 / 20 धारा 336 294 506 34 आईपीसी
6.अपराध क्रमांक 213 /20 धारा 49 क आबकारी एक्ट
7.अपराध क्रमांक 618 / 21 धारा 25(1 )ए आर्म्स एक्ट

गिरफ्तारी में निम्न कि रही भूमिका*

1- निरीक्षक रविंद्र शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली
2-सहायक उपनिरीक्षक राम चित्र
3- प्रधान आरक्षक अनुरोध पावन
4-आरक्षक रविंद्र यादव
5-आरक्षक गजेंद्र राजावत
6-आरक्षक राहुल
7-सैनिक अखिलेश यादव

# कांग्रेस भवन पर पंचायत चुनाव जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

### पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण खत्म होने पर सरासर झूठ बोल रही है शिवराज सरकार का कांग्रेस पर आरोप लगाना गलत

### मान. कमलनाथ जी के नेतृत्व में ओबीसी को अधिकार दिलाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी कांग्रेस



ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर पंचायत चुनाव जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक मे पंचायत चुनाव जिला समन्वय समिति के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि मप्र में हो रहे पंचायत चुनाव को लेकर मान. सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त कर चुनाव कराने के निर्देश दिये है, मप्र की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने एक बार फिर अदालत में अपना ओबीसी विरोधी चेहरा पेश किया है, अगर मप्र सरकार जोरदार तरीके से मान. न्यायालय में ओबीसी वर्ग का पक्ष रखती तो आरक्षण समाप्त होने की नौबत नही आती।

मान. उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के मामले का हवाला देते हुए मप्र के पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण को निरस्त किया है, शिवराज सिंह चौहान सरकार मान. उच्चतम न्यायालय मे इस बात को सही तरीके से नही रख सकी, आरक्षण निरस्त होने के फैसले से अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को गहरा धक्का पहुंचा है और उनके हितो के लिए सड़क से संसद तक कांग्रेस पार्टी ओबीसी वर्ग के साथ कंधा से कंधा मिलाकर लड़ेगी।

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मान. श्री कमलनाथ जी ने इस संबध में विधानसभा पटल पर भाजपा प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा से आव्हन कर कहा कि आप भी ओवीसी वर्ग के सच्चे हितैषी हो तो आप भी कांग्रेस के साथ चलकर ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिलाने हेतु मान. उच्चन्यायलय में याचिका दाखिल करें। लेकिन भाजपा और आरएसएस की सोच हमेशा से आरक्षण को समाप्त करने की रही है, अपने षणयंत्र, गलतियों और अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी चरित्र को छुपाने के लिए भाजपा, कांग्रेस पार्टी पर झूठे आरोप लगा रही है, मप्र के पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट में या मान. उच्च न्यायलय में नही गई थी, इस बात को कांग्रेस पार्टी ने 6 दिसंबर को मप्र कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता स्पष्ट शब्दों में सार्वजनिक किया था, लेकिन कांग्रेस ने चुनाव का विरोध नहीं किया था, सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य निवार्चन आयोग से यही बात कही है कि चुनाव में संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जाए। मान. उच्चतम न्यायालय मे पक्षकारों ने रोटेशन प्रणाली पर सवाल उठाया था जो कि ओबीसी आरक्षण से भिन्न विषय है, इस विषय को लेकर भाजपा के नेता सरासर झूठ बोल रहें हैं, जब मान. सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण खत्म करने का फैसला सुनाया था तब भी केन्द्र बैठी भाजपा सरकार और मप्र भाजपा सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह आरक्षण के समर्थन में उचित तर्क मान. न्यायालय में पेश करती, लेकिन मप्र सरकार एवं भाजपा के वकीलों ने जानबूझकर अदालत मे ऐसा नही किया, यह एक सुनियोजित षणयंत्र है। शिवराज सरकार का ओबीसी विरोधी रवैया पहली बार सामने नही आया है, इससे पहले नौकरियों में आरक्षण के मामले मे हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई में भी सरकार की और से वकील पेश नहीं हुए और मामले की सुनवाई अनिश्चितकालीन समय के लिए टल गई, वर्ष 2003 में जब कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश मे ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था, तब भी भाजपा की सरकार ने अदालत में ढंग से पैरवी न करके आरक्षण को समाप्त हो जाने दिया था, और 2003 से लेकर 2018 तक उन्होने ओबीसी वर्ग के लिए लाए के 27 प्रतिषत आरक्षण को प्रदेश मे लागू नही होने दिया, लेकिन पुनः कांग्रेस सरकार बनने के बाद 2019 मे जब मान. कमलनाथ जी की सरकार ने एक बार फिर से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया तो उसे भी समाप्त कराने के लिए भाजपा सरकार जानबूझकर उच्च न्यायलय में सही तरीके से पैरवी नहीं कर रही है, ठीक यही तरीका पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण निरस्त कराने के लिए भी शिवराज सरकार ने अपनाया है।

# पर्यटन स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिये विशेष प्रयास होंगे

### महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत जिला स्तरीय

### उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



ग्वालियर। नारी शक्ति की भागीदारी से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में महिलाओं को पर्याप्त अवसर, उनकी क्षमता में वृद्धि और जन जागरूकता से पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये भी कारगर कदम उठाए गए हैं। राज्य शासन महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। ÷महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल÷ परियोजना के तहत आयोजित हुए जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में इस आशय के विचार वरिष्ठ अधिकारियों और पर्यटन से जुड़े वक्ताओं ने व्यक्त किए। मंगलवार को यहाँ तानसेन रेसीडेंसी में आयोजित हुई कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री हितिका वासल ने कहा कि पुलिस हर स्थिति में शहर को सुरक्षित रखने के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। खासकर महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पुलिस चौकी स्थापित की गई हैं। साथ ही जगह-जगह पर डायल 100 वाहन भी पुलिस जवानों के साथ पर्यटन स्थल पर लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखते हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री विकास जोशी ने कहा कि पर्यटन विभाग की इस मुहिम को आगे बड़ाने में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से हर संभव मदद मिलेगी। उन्होंने स्कूलों में बच्चों के बीच जेण्डर कार्यक्रम चलाए जाने की बात भी कही। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री राहुल पाठक ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में पिछले एक साल से सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत महिला सुरक्षा पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पर्यटन स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये पुलिस के साथ मिलकर कार्ययोजना बनाई गई है।

पर्यटन विभाग के अधिकारी डॉ. आलोक चौबे ने इस अवसर पर ग्वालियर के पर्यटन परिदृश्य पर विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही कहा कि पर्यटन की दृष्टि से ग्वालियर बहुत बड़ा केन्द्र है। पर्यटन के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिये उन्हें कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इस अवसर पर यूनाइटेड नेशन की ऑर्गेनाइजेशन यु.एन.वुमन की ओर से तकनीकी विशेषज्ञ सुश्री रचना सिंह ने कहा कि पर्यटन स्थल पर महिलाओं की भागीदारी बड़ाने के लिये हमें दृष्टिकोंण में बदलाव लाने और व्यवहार परिवर्तन की जरूरत है। श्री प्रदीप जोशी ने कहा कि पर्यटन स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा बड़ाने की कड़ी में स्कूली स्तर पर ही बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस कड़ी में शुरूआती चरण में पर्यटन स्थलों के नजदीक स्थित जिले के सात स्कूलों को प्रशिक्षण के लिये चिन्हित किया गया है।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री दीपा दीक्षित ने किया। इस अवसर पर रागिनी फाउण्डेशन की अध्यक्ष सुश्री दीपा दीक्षित तथा श्री हरिमोहन व जेंडर कंसलटेंट सुश्री श्रद्धा द्विवेदी मौजूद थीं।

# आचरण में जब धर्म आता है तो दुखों का अंत होता है: मुनिश्री

### मुनिश्री के प्रतिदिन मंगल प्रवचन चंपाबाग धर्मशाला चल रहे हैं



ग्वालियर। जब आत्मकल्याण की उत्कृष्ट भावना होती है तो आपका चित्त और आचरण बदल जाता है। आचरण में जब धर्म आ जाता है तब देव शास्त्र और गुरु के सानिध्य में आपके दुःखों का अंत होता चला जाता है। संयोग और वियोग, जन्म और मृत्यु दोनों में ही आकुलता होती है। एक में जन्म की खुशी होती है तथा दूसरे में मृत्यु का गम। दोनों में आकुलता होकर धर्म ध्यान छूट जाता है। यह विचार राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज मंगलवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाल में धर्मसाभ को संबोधित करते हुए कही। मंच पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा कि दुःख और सुख दोनों में ही आंसू आते हैं। राग से वैराग्य की ओर बड़ने की घटना कोई साधारण घटना नहीं है। परहित में अपनी देह सुखाना सबके बस की बात नही। अंगारों पर लेप लगाना सबके बस की बात नहीं। सनमान उनका किया जाता है जो वैराग्य की ओर बड़ते है एवं उनकी अनुमोदना करते हैं, जिनकी मोह की निद्रा टूट जाती हैं वह ही जाग्रत अवस्था में माना जाता है। सबसे अधिक मोहनीय कर्म मजबूत रहता हैं जिन्होंने अपने मोह के बंधन को कमजोर किया है। वे ही धर्म ध्यान से वैराग्य की आगे बड़ पाते हैं, उन्हें ही प्रभु और गुरु का सानिध्य मिल पाता है। जैसे प्रकाश होने पर अंधकार स्वतः भाग जाता है ठीक उसी प्रकार जहां आस्था रूपी प्रकाश होता हैं वहां मिथ्यात्व रूपी अंधकार रह ही नही सकता।इस मौके पर अभूतपूर्व बर्षयोग समिति के विनय कासलीवाल, पंकज बाकलीवाल, अनिल जैन, अजय जैन, विजय जैन, प्रकाश चंद जैन, राजीव जैन, विहर्ष युवा मंडल, आदि मौजूद थे।






### त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22

# निर्वाचन प्रेक्षक श्री अग्रवाल की मौजूदगी में हुआ ईव्हीएम का प्रथम रेण्डमाइज़ेशन



ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में जिले में उपयोग में लाई जाने वाली ईव्हीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) का मंगलवार को प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री एम के अग्रवाल की मौजूदगी में यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई।

प्रथम रेण्डमाइजेशन के बाद यह निर्धारित हो गया है कि किस जनपद पंचायत में कौन सी ईव्हीएम उपयोग में लाई जायेंगीं। रेण्डमाइजेशन के आधार पर जिले की चारों जनपद पंचायतों मुरार, घाटीगांव, डबरा व भितरवार के रिटर्निंग अधिकारियों को ईव्हीएम उपलब्ध कराई जायेंगीं। इन्हीं ईव्हीएम से जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्यों का निर्वाचन होगा।

रेण्डमाइजेशन के दौरान अपर कलेक्टर विकास श्री आशीष तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जिला व जनपद पंचायत सदस्य के चुनाव के लिए नाम निर्देशन दाखिल करने वाले प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## गुजरात से फरार चल रहे दो आरोपियों को थाना इन्दरगंज पुलिस के सहयोग से गुजरात पुलिस ने किया गिरफ्तार

ग्वालियर। गुजरात पुलिस की एक टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांधी,भापुसे के समक्ष उपस्थित होकर थाना ओढव एवं थाना रामोल जिला अहमदावाद शहर के तीन प्रकरणों में फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिये सहयोग चाहा गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा उक्त मामले के संपूर्ण तथ्यों को जानने के उपरान्त थाना प्रभारी इन्दरगंज को पुलिस की एक टीम बनाकर गुजरात पुलिस का सहयोग करने तथा उक्त प्रकरण के आरोपियों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया। इस तारतम्य में थाना इन्दरगंज पुलिस की एक टीम को गुजरात पुलिस का सहयोग करने तथा उक्त आरोपी को पकड़ने हेतु लगाया गया। थाना इन्दरगंज की टीम को गुजरात पुलिस टीम प्रभारी पीएसआई श्री एच.ए.रायजादा एवं स्टाफ के साथ थाना ओढव, अहमदावाद शहर के फरार आरोपी तथा थाना रामोल, अहमदावाद शहर के अप0क्र0 1443/21 धारा 307 भादवि में फरार एक अन्य आरोपी को थाना इन्दरगंज की पुलिस टीम द्वारा गुजरात पुलिस का सहयोग कर थाना क्षेत्र से पकड़ कर गुजरात पुलिस को सुपुर्द किया गया। जरिए मुखबिर सूचना पर से गुजरात पुलिस को ज्ञात हुआ था कि उक्त अपराधों में वाछिंत आरोपी ग्वालियर शहर में छिपा हुआ है।

### महालेखाकार कार्यालय देगा कर्मचारियों को एसएमएस सुविधा

ग्वालियर।महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर द्वारा मध्यप्रदेश के अधिकारी/कर्मचारियों को शीघ्र जानकारी देने के लिये एसएमएस सुविधा शुरू की जा रही है। महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने बताया है कि एसएमएस सुविधा के लिये कर्मचारी को अभिदाता का नाम, सामान्य भविष्य निधि खाता क्रमांक, मोबाइल नम्बर और ई-मेल आई.डी. की जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रधान महालेखाकार (लेखा-हकदारी) द्वितीय के ग्वालियर स्थित कार्यालय में डाक या फैक्स द्वारा भेजनी होगी।

### यूरिया की भारी भरकम बोरी ढोने की जरूरत नहीं, अब नैनो यूरिया का करें छिड़काव

**किसान भाईयों को विभाग ने दी सलाह**

ग्वालियर। उन्नत कृषि के लिए हो रहे अनुसंधान के फलस्वरूप किसानों को पारंपरिक दानेदार यूरिया उर्वरक का नया व आसान विकल्प मिला है। कृषि वैज्ञानिकों ने ÷नैनो तरल यूरिया÷ की खोज की है। ग्वालियर जिले में भी सरकारी संस्था इफको द्वारा तरल नैनो यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान भाईयों के लिये नैनो तरल यूरिया का उपयोग करना बहुत ही सुविधाजनक और आसान है। एक बोरी दानेदार यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया की मात्र 500 मिलीलीटर की एक बोतल पर्याप्त होती है। जिले के किसान भाईयों से नैनो यूरिया अपनाने की अपील की गई है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार पारंपरिक यूरिया के मुकाबले नैनो यूरिया पर्यावरण की रक्षा के लिये भी बेहतर है। नैनो यूरिया के इस्तेमाल से खेत की मिट्टी पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। साथ ही अधिक उत्पादन में सहायक है। नैनो यूरिया का परिवहन भी सुविधाजनक रहता है। जिले के सभी विकासखण्डों में सहकारी समितियों व अधिकृत निजी खाद दुकानों पर तरल नैनो यूरिया उपलब्ध है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के परियोजना संचालक आत्मा से प्राप्त जानकारी के मुताबिक किसान भाई अपने खेतों में प्रति एकड़ के हिसाब से 15 लीटर स्प्रे पम्प में 30 मिलीलीटर नैनो यूरिया की मात्रा डालकर उपयोग कर सकते हैं। तरल नैनो यूरिया के इस्तेमाल से पहले बोतल को अच्छी तरह से हिला लेना चाहिए। किसान भाईयों को तरल नैनो यूरिया का उपयोग फसल में दो बार करना चाहिए। पहला छिड़काव फसल अंकुरण के 30 दिन बाद तथा दूसरा छिड़काव पहले छिड़काव के 20 से 25 दिन बाद करना चाहिए। किसानों को सलाह दी गई है कि नैनो यूरिया का छिड़काव करते समय हाथ में दस्ताने और मुँह पर मास्क अवश्य पहनें।

### मुरार में भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग, श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह प्रेम और आदर्श का प्रतीक है-¬महाराज महंतजी श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला हुई, विवाह में बाराती श्रद्धालु बने। ग्वालियर-¬ भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी का विवाह एक आदर्श विवाह है। रुक्मिणी साक्षात् लक्ष्मी और श्रीकृष्ण साक्षात् नारायण है। भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह प्रेम और आदर्श का प्रतीक है और भगवान ने श्रीकृष्ण अवतार में जहां एक तरफ गोपियों का चीर चुराकर उन्हें भक्ति और प्रेम की शिक्षा दी, द्रोपदी का चीर बढ़ाकर उसकी लाज रखी थी।

# प्रशिक्षण हमारा संस्कार है, कार्यकर्ता पार्टी के अंग है: आर्य



ग्वालियर। हमारा विषय है 7 वर्षीय अंत्योदय, हमारा संकल्प है इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें सत्ता चाहिए और सत्ता हमारे लिए सेवा का माध्यम है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के पास विचार की शक्ति है। प्रशिक्षण हमारा संस्कार है, कार्यकर्ता पार्टी के अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गरीबों के लिए दिन रात काम किया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारी सरकार गरीबों के लिए समर्पित होगी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पंच निष्ठा में विश्वास रखती है, यही हमारा लक्ष्य है, देश का हर व्यक्ति समृद्ध होना चाहिए तब ही हमारा देश समृद्ध बनेगा। उक्त बात भाजपा अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य ने प्रशिक्षण सत्र मे पिछले 7 वर्षीय अंत्योदयी पहल विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। मुख्य वक्ता जिला सहप्रभारी श्री अरुण चतुर्वेदी जी ने कहा कि पार्टी अपने मूल विचार को लेकर कार्य करती है। भारतीय जनता पार्टी का एक ही उद्देश्य था भारत को सांस्.तिक .ष्टि से, विकास की .ष्टि से आगे बढ़ाना है जिसके लिए वह निरंतर कार्य कर रही है। आज देश को तोड़ने वाली ताकत निरंतर सर उठाती हैं तो भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता उनको मुंहतोड़ जवाब देता है। आज भारतीय जनता पार्टी ने एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के लक्ष्य को साकार करके दिखाया है। कश्मीर से धारा 370 हटाना भारतीय जनता पार्टी की बड़ी उपलब्धि है। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि राम मंदिर बने, लेकिन नरेंद्र मोदी जी की .ढ़ इ%छाशक्ति से आज देश में भव्य राम मंदिर निर्माण हो रहा है। जिला प्रशिक्षण वर्ग में पहले सत्र में उद्घाटन भाषण देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल मखीजानी ने कहा कि प्रशिक्षण प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सीखने का अवसर मिलता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478